# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 30 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 11 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 350 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ प्रतिस्पर्धा आयोग की क्षमता बढ़ायी जानी जरूरी

वीडियो में सलमान खान को देखकर फैंस ने जताई चिंता ◂◂ 6







# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 30 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 11 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 350 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ प्रतिस्पर्धा आयोग की क्षमता बढ़ायी जानी जरूरी

वीडियो में सलमान खान को देखकर फैंस ने जताई चिंता ◀◀ 6







# रामदास सोरेन बने मंत्री, राज्यपाल संतोष गंगवार ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

## झामुमो विधायक रामदास सोरेन ने ली चंपई सोरेन की जगह



**मेट्रो रेज**

**रांची:** घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने आज शुक्रवार को झारखंड सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रामदास सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बुधवार को भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा देने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मंत्री पद की भूमिका संभाली। गौरतलब है कि चंपाई सोरेन, जिन्होंने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दे दिया था, वर्तमान सीएम हेमंत सोरेन को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कुछ समय के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री भी रहे।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हेमंत सोरेन के जमानत पर जेल से रिहा होने के बाद, चंपाई सोरेन ने पद से इस्तीफा दे दिया और कैबिनेट मंत्री के रूप में फिर से शामिल हो गए। इसके बाद से अटकलें तेज हो गई हैं कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं है और चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। इस अटकल की पुष्टि तब हुई जब 26 अगस्त को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घोषणा की कि पूर्व झामुमो नेता 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे।

रामदास सोरेन ने 2009 और 2019 में विधानसभा चुनाव जीत हासिल की थी और वह झामुमो की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं। वह झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन और चंपाई सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका में रहे। झारखंड आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया और उन्हें कोल्हान क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है। चंपाई सोरेन ने बुधवार को मंत्री और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद रामदास सोरेन को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। चंपाई आज दोपहर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे।

### सोरेन गये सोरेन आये

**बिनय मिश्रा**



**झारखण्ड** में विगत छः माह के अन्तराल में यह दूसरा अवसर है जब सोरेन गये सोरेन आये प्रकरण दिखाई पड़ा है। आज से छः माह पूर्व यह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था तब नये मुख्यमंत्री के रूप में चम्पाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभाला था। उस समय भी यही कहा जा रहा था कि सोरेन गये सोरेन आये। अब छः माह के बाद पुनः एक बार राजनीतिक घटना क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान काबीना मंत्री रहे चम्पाई सोरेन झामुमो से इस्तीफा देकर आज भाजपा में शामिल हो रहे हैं। वहीं झामुमो ने चम्पाई सोरेन के स्थान पर पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला विधान सभा क्षेत्र से विधायक रहने वाले राम दास सोरेन को मंत्रीमंडल में शामिल किया है और एक बार पुनः यह बात चरितार्थ हो रही है सोरेन गये सोरेन आये और इस प्रकार से हेमन्त सरकार के नये मंत्री रामदास सोरेन ने भी एक इतिहास बनाया है कि 2019 में गठित झामुमो, कांग्रेस एवं राजद तथा समर्थित दलों के द्वारा इस सरकार में सबसे कम दिनों तक मंत्री पद पर रहने वाले रामदास सोरेन भी होंगे क्योंकि सितम्बर माह में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने की प्रबल संभावना है और नवम्बर 2024 तक नया विधानसभा का गठन भी होना है। इस प्रकार से मंत्री के रूप में रामदास सोरेन सबसे कम समय के लिए मंत्री बन रहे हैं, ऐसा राजनीतिक विश्लेशकों का मानना है।



## मुखिया और उसके पति 25 हजार रिश्वत लेते पकड़ाए

**मेट्रो रेज**

**हजारीबागः** एसीबी की टीम ने जिले के बड़कागांव मुखिया और उसके पति को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद दोनों को एसीबी की टीम हजारीबाग स्थित एसीबी मुख्यालय लेकर आ गई है।

बड़कागांव की मुखिया विमला देवी और उसके पति राजकुमार साहू ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों से किस्त पर पैसा दिलवाने के नाम पर रिश्वत की डिमांड की थी। इसके बाद एसीबी को शिकायत की गई और सत्यापन के बाद छापेमारी करते हुए एसीबी की टीम ने 25 हजार रूपया रिश्वत लेते मुखिया और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम मुख्यालय में दोनों से पूछताछ कर रही है।



## अंबानी नहीं, अडानी भारत में सबसे अमीर

**नई दिल्लीः** पोर्ट और एयरपोर्ट से लेकर सीमेंट और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में काम करने वाले अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी अब एशिया और देश के सबसे अमीर इनसान बन गए हैं। उन्होंने मुकेश अंबानी को भी पीछे छोड़ दिया है, जो लंबे समय से नंबर-1 के स्पॉट पर बने हुए थे।

## अजगर ने जकड़ा गला दम घुटने से व्यक्ति की मौत



**जमशेदपुर :** शहर में एक व्यक्ति की तब मौत हो गई जब उसके गले में लिपटे अजगर ने कथित रूप से से उसका गला जकड़ लिया। 60 वर्षीय व्यक्ति अपने गले में लटका सांप लोगों को दिखाकर पैसे कमाता था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना उस समय घटी जब पीड़ित हेमंत सिंह शहर में मानगो क्षेत्र के डिमना रोड पर था। इस घटना के बाद अजगर क्षेत्र में इधर-उधर घूमने लगा और सांप पकड़ने वाले एक व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में अजगर को वन विभाग को सौंप दिया गया। मानगो थाने के प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रेन की पटरियों पर बैठे यात्री, मालगाड़ी को पास देने को लेकर भारी रोष,कई ट्रेनें प्रभावित

**जमशेदपुर :** शुक्रवार सुबह हावड़ा-मुंबई मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से बाधित हो गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि हर दिन डेली पैसेंजर और मेमू ट्रेनों के आगे मालगाड़ियों को पास दिया जाता है, जिससे उनकी ड्यूटी में देरी होती है। इससे नाराज होकर झारग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन के यात्री गोविंदपुर हाल्ट पर रेलवे ट्रैक जाम कर धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि शुक्रवार को मेमू ट्रेन को रोककर एक-एक करके तीन मालगाड़ियों को पास दिया गया, जिससे उनकी ड्यूटी छूट गई।

## गुजरात पर चक्रवाती तूफान का खतरा, लोगों को सतर्क रहने की सलाह, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट



**नई दिल्ली :** गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति शुक्रवार को और बिगड़ सकती है। अरब सागर में एक डीप डिप्रेशन का प्रभाव देखते हुए, मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि यह सिस्टम चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। इस कारण कच्छ और सौराष्ट्र में तूफानी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, यह डीप डिप्रेशन पिछले 80 साल में चौथा ऐसा तूफान है जो जमीन के ऊपर उत्पन्न होकर अरब सागर की ओर बढ़ रहा है। विभाग ने इसे एक बेहद दुर्लभ घटना बताया है। अरब सागर में बनने वाला यह चक्रवाती तूफान 1964 के बाद का पहला ऐसा तूफान होगा। वर्तमान में, यह डीप डिप्रेशन सौराष्ट्र और कच्छ के ऊपर है और पश्चिम की दिशा में बढ़ रहा है। यह सिस्टम समुद्र की गर्मी को अपने साथ लाकर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना रखता है। इसके प्रभाव से कच्छ, सौराष्ट्र और पाकिस्तान के तटीय क्षेत्रों में सबसे अधिक असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने पहले भी 1944, 1964 और 1976 में इस तरह की दुर्लभ मौसम परिस्थितियों की जानकारी दी है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान की वजह से आज सौराष्ट्र और कच्छ में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अतिरिक्त, जामनगर, पोरबंदर और मोरबी में भी बेहद तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, अगले 7 दिनों तक गुजरात में लगातार बारिश होने की संभावना है। आज, 30 अगस्त को कच्छ, मोरबी, जामनगर और द्वारका में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## राज्यपाल के प्रधान सचिव बने रहेंगे नितिन मदन कुलकर्णी



**रांचीः** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 25 अगस्त को निकाले गए तबादला आदेश में अब संशोधन कर दिया गया है। अब नितिन मदन कुलकर्णी राज्यपाल के प्रधान सचिव के पद पर बने रहेंगे। वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत, डॉ. अमिताभ कौशल को अगले आदेश तक सचिव वाणिज्य कर विभाग रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. सचिव वन एवं पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांची के पद पर पदस्थापित अबू बकर सिद्दीकी को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कृषि सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है. विप्रा भाल जिन्हें पूर्व के आदेश में राज्यपाल का प्रधान सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था. उक्त आदेश को विलोपित किया गया है. अब वह पूर्व की तरह सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग झारखंड रांची के अतिरिक्त प्रभार में बनी रहेंगी।

### शेयर की रिकॉर्डतोड़ शुरूआत

## सेंसेक्स-निफ्टी ने रचा नया इतिहास, निवेशकों की 1.75 लाख करोड़ बढ़ी दौलत



**नई दिल्ली :** शेयर मार्केट की रिकॉर्डतोड़ शुरूआत के बीच निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडक्स हरे निशान पर हैं। बैंक निफ्टी से लेकर पीएयू बैंक और कंज्यूमर ड्यूराबेल्स तक बढ़त पर हैं। अभी तक निफ्टी 25258.80 के ऑल टाइम हाई को टच कर चुका है। अभी यह 76 अंक ऊपर 25228 पर है। जबकि, सेंसेक्स भी 82637.03 के सर्वोच्च शिखर को छूने के बाद 268 अंक ऊपर 82403 पर ट्रेड कर रहा है।

लगातार दूसरे दिन भी शेयर मार्केट बम-बम बोल रहा है। आज सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स-निफ्टी ने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। आज पहली बार सेंसेक्स 502 अंकों की बंपर उछाल के साथ 82637 के लेवल पर खुला। वहीं, निफ्टी ने भी इतिहास रचते हुए 97 अंकों की बढ़त के साथ 25249 ऑल टाइम हाई से आज के दिन की शुरूआत किया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स पर ज्यादातर बड़े शेयर फायदे में थे। बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा डेढ़ फीसदी चढ़ा हुआ था। टाइटन, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस जैसे शेयर भी 1-1 फीसदी से ज्यादा के फायदे में थे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से सिर्फ 6 शेयर लुढ़के हुए थे। चारों बड़े आईटी शेयर टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा नुकसान में थे।

निवेशकों की 1.75 लाख करोड़ बढ़ी दौलतः आईटी को छोड़ निफ्टी के सभी सेक्टर्स के इंडेक्स ग्रीन जोन में हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी का रुझान है। ओवरऑल बात करें तो इरए पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 1.75 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है। बीते कारोबारी दिन यानी 29 अगस्त 2024 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 4,62,56,079.12 करोड़ रुपये था। आज यानी 30 अगस्त 2024 को मार्केट खुलते ही यह 4,64,31,348.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की दौलत 1,75,269.57 करोड़ रुपये बढ़ गई है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## कोर्ट का सख्त संदेश

**दिल्ली** एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता और एमएलए के. कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटका है। इस हाईप्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं। पहली नजर में के. कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआई और ईडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिए की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गई है तो फिर हाईकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि के. कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सबसे अहम पहलू है जांच एजेंसियों के रुख की पड़ताल करते हुए उनकी निष्पक्षता की जरूरत को रेखांकित करना। कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि अभियोजन पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए। सही सबक लेने की जरूरत : ढटछअ देश के कुछ बेहद सख्त कानूनों में है। इसके उपयोग में खास सावधानी की जरूरत है। इस कानून के तहत दर्ज मामलों में अगर जांच एजेंसियों का रवैया सवालों के घेरे में आता है तो यह गंभीर बात है। इससे न केवल इन एजेंसियों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है बल्कि एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को भी बल मिलता है। उम्मीद की जाए कि सुप्रीम कोर्ट की इन कड़ी टिप्पणियों से सबक लेते हुए सरकार आवश्यक कदम उठाने में विलंब नहीं करेगी।

## पेंशन पर उलझन दूर

**सरकारी** कर्मचारियों के लिए घोषित एकीकृत पेंशन स्कीम को सही अर्थों में मध्यम मार्ग का एक अच्छा उदाहरण कहा जा सकता है। इस स्कीम के जरिए सरकार ने जहां कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ी असुरक्षा दूर करने की कोशिश की है, वहीं बजट पर पड़ने वाले बोझ के अनुपात का भी ध्यान रखा है। निश्चित रूप से इस कदम का चुनावी पहलू खासा अहम है। हालांकि इसके पीछे सोच-विचार की लंबी प्रक्रिया दिखती है। केंद्र सरकार ने पेंशन स्कीम पर विचार करने के लिए अप्रैल 2023 में ही तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बना दी थी। व्यापक विचार-विमर्श के बाद समिति ने अपनी सिफारिशें दीं, जिन पर कैबिनेट ने शनिवार को मुहर लगा दी। मगर यह मंजूरी ऐसे समय दी गई जब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली में अगले कुछ महीनों में चुनाव होने तय हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने कई विधानसभा चुनावों में ओल्ड पेंशन स्कीम (डढर) की वापसी को प्रमुख मुद्दा बनाया था। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत के पीछे इस मुद्दे की प्रमुख भूमिका मानी गई थी। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसका खास असर नहीं देखा गया। एक्सपट्र्स की तरफ से यह भी कहा जा रहा था कि ओल्ड पेंशन स्कीम देश भर में फिर से लागू करने का विचार इकॉनमी के लिहाज से खासा नुकसानदेह हो सकता है। संभवतः इन्हीं वजहों से कांग्रेस ने भी लोकसभा चुनावों में इसे उठाने से परहेज किया। इन सबके बावजूद नई पेंशन योजना खास तौर पर सरकारी कर्मचारियों के बीच बेचैनी की वजह बनी हुई थी। माना जा रहा था कि सरकारी सेवा में पूरी जिंदगी खपाने वालों को सेवानिवृत्ति के बाद जिस तरह की आर्थिक सुरक्षा मिलनी चाहिए, वह न्यू पेंशन स्कीम नहीं दे पा रही। कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा इसे जोर-शोर से उठाने के चलते, सही या गलत, पर यह परसेप्शन भी बना हुआ था कि इस मसले पर कांग्रेस का रुख सहानुभूतिपूर्ण है। इसे बदलना सरकार और सत्तारूढ़ दल को जरूरी लग रहा था। यूनिफाइड पेंशन स्कीम को इस लिहाज से एक ठोस कदम माना जा सकता है। फिक्स्ड पेंशन, अश्योर्ड फैमिली पेंशन, अश्योर्ड मिनिमम पेंशन और इन्फ्लेशन इनडेक्सेशन जैसे फीचर्स इसे कर्मचारियों के लिए आकर्षक बनाते हैं। विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया में भी इस फैसले की आलोचना करने के बजाय सरकार को इसके लिए मजबूर करने का श्रेय लेने का भाव ज्यादा दिख रहा है। कुल मिलाकर इस कदम को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का एक सुफल माना जा सकता है।

# प्रतिस्पर्धा आयोग की क्षमता बढ़ायी जानी जरूरी

> उच्च वृद्धि का चरण 1980 से शुरू हुआ लेकिन नीतिगत क्षेत्र में सार्वजनिक से निजी निवेश की ओर सफर जुलाई 1991 में उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। निवेश और विदेशी व्यापार में सरकारी नियंत्रण कम करने के अलावा एक बड़ा बदलाव था बैंकिंग और म्युचुअल फंड में निजी क्षेत्र को प्रवेश देना। उदारीकरण से पहले के रुख को देखें तो यह वित्तीय उदारीकरण औद्योगिक निवेश को लाइसेंसमुक्त करने की तुलना में ज्यादा बड़ा बदलाव रहा।

**राकेश दुबे**

सारा विश्व विकास को अर्थव्यवस्था से जोड़ता है हमारे भारत की अर्थव्यवस्था तो नीतिगत बदलाव के मोर्चे पर वह दो बड़े चरणों से गुजर चुकी है। पहली जिसकी चर्चा इन दिनों ज्यादा नहीं होती और वह है अप्रैल 1951 में योजनागत विकास की शुरूआत, जब पहली पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी। दूसरा जुलाई 1991 में शुरू किया गया आर्थिक उदारीकरण था, जिसकी चर्चा ज्यादा होती है। किन्ही अर्थों मद इन दोनों की बदौलत वृद्धि की प्रक्रिया में तेजी आई।

यह अलग बात है दोनों में सरकार की जो भूमिका सोची गई थी, वह काफी अलग है। इन दोनों बदलावों के प्रभाव को अर्थव्यवस्था की वृद्धि, निवेश और व्यापारिक रुझान में देखा जा सकता है। वृद्धि का एक अपेक्षाकृत धीमा चरण 60 के दशक के मध्य से 70 के दशक के अंत तक भी रहा, जब सूखा, नई कृषि वृद्धि नीति और राजनीतिक उथलपुथल से भरा एक दशक सामने था। 1951-52 में उठाए गए कदम के कारण आए बदलाव कुछ कम लग सकते हैं मगर ये बहुत अहम थे क्योंकि आजादी के पहले की एक सदी में 0.5 प्रतिशत रहने वाली औसत वार्षिक वृद्धि दर इसके कारण नौ गुना बढ़ गई। 1951 से 1965 के बीच आर्थिक नीति में सार्वजनिक क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया गया, खास तौर पर भारी उद्योग में। यद्यपि इस दौरान निजी निवेश भी बढ़ा। निर्यात उत्पादन के जरिये होने वाली वृद्धि संभव नहीं थी क्योंकि वैश्विक व्यापार के मूल्य में वृद्धि 60 के दशक के उत्तरार्द्ध से ही शुरू हुई। उच्च वृद्धि का चरण 1980 से शुरू हुआ लेकिन नीतिगत क्षेत्र में सार्वजनिक से निजी निवेश की ओर सफर जुलाई 1991 में उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। निवेश और विदेशी व्यापार में सरकारी नियंत्रण कम करने के अलावा एक बड़ा बदलाव था बैंकिंग और म्युचुअल फंड में निजी क्षेत्र को प्रवेश देना। उदारीकरण से पहले के रुख को देखें तो यह वित्तीय उदारीकरण औद्योगिक निवेश को लाइसेंसमुक्त करने की तुलना में ज्यादा बड़ा बदलाव रहा। उदाहरण के लिए हमने गैर सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी नई पूंजी में भारी इजाफा देखा और यह 1981-82 में करीब-करीब 600 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये हो गई। नियार्तोन्मुखी वृद्धि की ओर बदलाव कम दिखता है। 1951 में वैश्विक वस्तु निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 1.9 फीसदी थी। पहले परिवर्तनकारी चरण में 1980 तक यह गिरकर 0.4 फीसदी रह गया था। परंतु उसके बाद से ही इसमें स्थिर गति से वृद्धि हुई और 2003 के बाद से आठ वर्षों तक उच्च वृद्धि के दौर के साथ भारत ने वैश्विक विनिर्माण निर्यात में अपनी हिस्सेदारी दोगुनी कर ली है। अब यह 1.8 फीसदी है यानी 1951 के स्तर से कुछ कम। वाणिज्यिक सेवा निर्यात में भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 1990 के 0.6 फीसदी से बढ़कर 2023 में 4.3 फीसदी हो गई। सवाल यह है कि अगर हमें 2047 तक विकसित देश बनना है तो सरकार और कारोबार के रिश्तों में क्या बदलाव लाना होगा? सबसे स्पष्ट बदलाव है सरकार और निजी कारोबारी क्षेत्र के बीच रिश्ते को चुनिंदा कंपनियों को बढ़ावा देने वाली साझेदारी के बजाय ऐसी साझेदारी बनाना, जहां सरकार कारोबार नहीं बाजार के अनुरूप है एवं सभी कंपनियों के साथ उसके संबंध एकदम निरपेक्ष हैं। यह सांठगांठ और भ्रष्टाचार से बचने में ही कारगर नीति नहीं है बल्कि इसलिए भी सही है क्योंकि राजनेता और अफसरशाह तकनीक, उत्पादों, प्रक्रियाओं, बाजार विकास आदि की उतनी जानकारी नहीं रखते, जितनी कंपनियों के अधिकारियों को होती है। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) की योजना में प्राथमिकता वाली तकनीकों के वास्तविक प्रदर्शन और कड़ी अफसरशाही जांच की आवश्यकता होती है। यह इस बात का उदाहरण है कि किन चीजों में बदलाव की जरूरत है। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी तथा व्यापार कर नीतियां तय करते समय उत्पादकों के हितों को पूरी तरह दरकिनार करना सरकार को बाजार के अनुकूल निष्पक्ष कारक बनाने की दिशा में अहम कदम होगा। अगर पूरी तरह निष्पक्षता कठिन है तो कम से कम यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि विशिष्ट उत्पादकों का हित नियम के बजाय अपवाद हो। सबसे अहम नीतिगत पहल यह होनी चाहिए कि प्रतिस्पर्धा आयोग की क्षमता और उसका प्रभाव बढ़ाया जा सके।

**(लेखक, वरिष्ठो पत्रकार एवं स्तिम्भ कार हैं।)**

# विहिप के 60 वर्ष, उपलब्धियां और चुनौतियां

> बाबा साहिब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मत था कि यदि देश के संत महात्मा मिलकर यह घोषित कर दें कि हिन्दू धर्म-शास्त्रों में छुआछूत का कोई स्थान नहीं है तो इस अभिशाप को समाप्त किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 13-14 दिसम्बर 1969 के उडुपी धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सर संघचालक श्री गुरुजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से 'हिन्दव: सोदरा सर्वे, ना हिन्दू पतितो भवेत्ह्व के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया।

**विनोद बंसल**

देश की राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात कथित सेक्युलरवाद के नाम पर हिन्दू समाज पर बढ़ते अन्याय तथा ईसाईयों व मुसलमानों के तुष्टिकरण के बीच 1957 में नियोगी कमीशन की रिपोर्ट आई थी। इसमें ईसाई मिशनरियों द्वारा छल, कपट, लोभ, लालच व धोखे से पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मांतरण की सच्चाई सामने आने के बावजूद, तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध केंद्रीय कानून बनाने से स्पष्ट मना कर दिया गया। उधर विदेशों में रहने वाला हिन्दू समाज भी अपनी विविध समस्याओं के समाधान हेतु भारत की ओर ताक तो रहा था किन्तु, उसके प्रति भी केंद्र सरकार के उदासीन रवैए ने निराश ही किया। ऐसे में हिन्दू समाज को संगठित कर धर्म रक्षा करने तथा हिन्दू धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु, साठ वर्ष पूर्व, जन्माष्टमी (अंग्रेजी दिनांक अनुसार 29 अगस्त 1964) को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की स्थापना हुई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और हिन्दुस्थान समाचार के संस्थापक श्री दादासाहेब आप्टे जी के साथ, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, पवई, मुम्बई स्थित पूज्य स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम सांदीपनि साधनालय में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से माननीय मास्टर तारा सिंह, जैन सम्प्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, केएम मुंशी तथा पूज्य श्री गुरुजी सहित 40-45 अन्य महानुभाव भी उपस्थित थे। इसी बैठक में (1) हिन्दू समाज को संगठित और जागृत करने, (2) उसके स्वत्वों, मानबिन्दुओं तथा जीवन मूल्यों की रक्षा और संवर्धन करने तथा (3) विदेशस्थ हिन्दुओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें सुदृढ़ बनाने व उनकी सहायता करने सम्बन्धी विश्व हिंदू परिषद के तीन मुख्य उद्देश्य तय किए गए।

हिन्दू की परिभाषा करते हुए कहा गया कि ह्लजो व्यक्ति भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखता है या जो व्यक्ति स्वयं को हिन्दू कहता है वह हिन्दू हैह्व। 22 से 24 जनवरी 1966 को कुम्भ के अवसर पर 12 देशों के 25 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन प्रयाग में सम्पन्न हुआ। इसमें 300 प्रमुख संतों के साथ पहली बार प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और धर्मांतरण पर रोक व परावर्तन (घरवापसी) का संकल्प लिया गया। मैसूर के महाराज मा. चामराज जी वाडियार को प्रथम अध्यक्ष व दादासाहब आप्टे को पहले महामंत्री के रूप में घोषित कर विहिप की प्रबंध समिति की घोषणा भी हुई। इस सम्मेलन में जहां परावर्तन को मान्यता देने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ वहीं विहिप के बोध वाक्य 'धर्मो रक्षति रक्षितः' और बोध चिह्न 'अक्षय वटवृक्ष' भी तय हुआ।

बाबा साहिब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मत था कि यदि देश के संत महात्मा मिलकर यह घोषित कर दें कि हिन्दू धर्म-शास्त्रों में छुआछूत का कोई स्थान नहीं है तो इस अभिशाप को समाप्त किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 13-14 दिसम्बर 1969 के उडुपी धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सर संघचालक श्री गुरुजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से 'हिन्दवः सोदरा सर्वे, ना हिन्दू पतितो भवेत्ह्व के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया।

1994 में काशी में हुई धर्म संसद का निमंत्रण डोम राजा को देने पूज्य संत ना सिर्फ स्वयं चलकर गए बल्कि उनके घर का प्रसाद ग्रहण किया तथा अगले दिन डोम राजा धर्म संसद के अधिवेशन में संतों के मध्य बैठे और संतों ने उन्हें पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया । इस धर्म संसद में 3500 संत उपस्थित थे। वनवासी, जनजाति, अति पिछड़ी व पिछड़ी जाति के हजारों लोगों को ग्राम पुजारी के रूप में प्रशिक्षण देकर उनका समय समय पर अभिनन्दन व मंदिरों में पुरोहित के रूप में नियुक्ति, विहिप के ग्राम पुजारी प्रशिक्षण अभियान के कारण ही संभव हुई।

नौ नवम्बर, 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का शिलान्यास एक अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता कामेश्वर चौपाल द्वारा कराए जाने के अतिरिक्त, देश भर में आयोजित समरसता यज्ञ, समरसता यात्राएं, समरसता गोष्ठियां, हिन्दू परिवार मित्र योजना, अनुसूचित जाति व जन जातियों के लिए छात्रावास इत्यादि अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दू समाज के बीच व्याप्त छूआछूत के अभिशाप से मुक्ति हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सन 2003 से लगातार देशभर में भगवान वाल्मीकि, संत रविदास तथा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आम्बेडकर इत्यादि महापुरुषों, जिन्होंने देश की समरसता में योगदान दिया, की जयन्तियां व्यापक रूप से मनाई जा रही हैं। इन सब कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अब संत समाज सहज रूप से वंचित बस्तियों में प्रवास, प्रवचन व सह-भोज सहजता से करते हैं।

द्वितीय विश्व हिंदू सम्मेलन भी प्रयाग की पावन धरा पर 27 से 29 जनवरी 1979 को 18 देशों के 60 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ। इसका उदघाटन पूज्य दलाई लामा जी ने किया। तथा उनका स्वागत ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य जी ने किया। यह भी एक ऐतिहासिक प्रसंग था।देश के वनवासी, गिरिवासी व नगरवासियों के कुम्भ के रूप में असम के जोरहाट में 27 से 29 मार्च 1970 में देश की सभी प्रमुख तीर्थों व 45 नदियों के जल से एकात्म हुए इस सम्मेलन में अनेक पूज्य संत-महात्माओं व पूर्वोत्तर के विचारकों के साथ नागारानी गाइडिन्ल्यु ने यह घोषणा की कि प्रकृति पूजक वनवासी समाज जिसे ईसाई मिशनरियां अपने चंगुल में फंसा रही हैं, हिन्दू समाज का ही अभिन्न अंग है। 1982 में श्री अशोक सिंघल विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी बने। व्यापक जन जागरण के कार्यक्रम होने लगे। 1983 में हुई एकात्मता यात्रा में तो देश के 6 करोड़ लोगों ने सहभाग किया। अप्रैल 1984 में नई दिल्ली में प्रथम धर्म संसद का अधिवेशन संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद द्वारा समाज के सहयोग से देश भर में 45 सौ से अधिक सेवा प्रकल्प भी चलाए जा रहे हैं। इनमें 31 प्रांतों के 93 हजार स्थानों पर 840 संस्कार शालाओं में 17 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। इनके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वावलंबन केंद्र, आवासी छात्रावास, अनाथालय, चिकित्सा केंद्र, कम्प्यूटर, सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र, विवाह केंद्र इत्यादि प्रमुख हैं।

गौरक्षा, गौपालन व गौ सम्वर्धन के क्षेत्र में विश्व हिन्दू परिषद् ने अनेक कार्य किए हैं। देश में 60 स्थानों पर गौवंश की देशी नस्लों का सम्वर्धन, 40 स्थानों पर पंचगव्य आधारित औषधि निर्माण केंद्र तथा तीन पंचगव्य अनुसंधान केंद्र इस समय कार्यरत हैं। 25 लाख गौवंश की कसाइयों से मुक्ति, अनेक राज्यों में गौवंश हत्या के विरुद्ध कठोर कानून की व्यवस्था और गौपालन से स्वावलंबन की ओर योजना के अन्तर्गत पांच गायों से 50 हजार मासिक की कमाई तथा गौवंश आधारित ऋण मुक्त, कृषि व रोजगार युक्त युवक की दिशा में विहिप ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अनेक राज्यों में गौरक्षा हेतु कठोर कानून भी बनवाए हैं।

विहिप ने अवैध धर्मांतरण पर रोक तथा धर्मान्तरित हिन्दू भाई-बहनों को अपनी जड़ों से पुनः जोड़ने की दिशा में भी बड़ा कार्य किया है। अभी तक लगभग 40 लाख हिन्दुओं के धर्मांतरण को रोकने के साथ-साथ लगभग 9 लाख की घरवापसी भी हुई है। अनुसूचित जाति, जन जाति, वनवासी व गिरिवासी समाज के बीच सेवा, समर्पण व स्वावलंबन के मंत्र के साथ अनेक राज्यों में छल-बल पूर्वक धर्मान्तरण के विरुद्ध कठोर दण्ड की व्यवस्था वाले कानून विहिप के सतत प्रयासों के कारण ही बन पाए हैं। आठ हजार बहनों को लवजिहाद के षडयन्त्र से बचाया।

भारत धर्म यात्राओं का देश है जिसकी आत्मा तीर्थों में वास करती है। इन यात्राओं के माध्यम से ही देश, धर्म व समाज की एकता, अखण्डता और समरसता प्रतिबिम्बित होती है। बात चाहे कांवड़ यात्रा की हो या कैलाश मान सरोवर की, अमर नाथ यात्रा हो या गोवर्धन परिक्रमा, जगन्नाथ की नव कलेवर यात्रा हो या सिन्धु यात्रा, श्रीराम जानकी विवाह बारात यात्रा हो या बाबा अमरनाथ की यात्रा, इन सभी को सस्ती, सफल, सुखद, संस्कारित व आध्यात्मिक स्वरूप देने में विश्व हिन्दू परिषद् के धर्म यात्रा महासंघ ने वर्ष 1995 से एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शासन-प्रशासन व सम्बन्धित सरकारों के साथ अनवरत संपर्क के माध्यम से इन्हें व्यवस्थित भी किया गया है। अनेक मृत प्रायः यात्राओं को पुनर्जीवित भी किया।

'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा को लेकर विदेशों में बसे हिन्दू समाज की सुरक्षा, संस्कार व उनके अन्दर हिन्दू जीवन मूल्यों को जीवंत रखने हेतु विहिप ने अनेक कदम उठाए है। विश्व के किसी भी भू-भाग पर रहने वाले हिन्दू की आवाज के रूप में विहिप कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहे हैं। इसी कारण विहिप ने अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, फिजी, न्यूजीलेंड, डेनमार्क, थाईलेंड, इंडोनेशिया, ताईवान, श्रीलंका, नीदरलैंड, सिंगापुर, नेपाल, जर्मनी इत्यादि देशों में अनेक स्थानीय व वैश्विक स्तर के सम्मेलनों का आयोजन सफलता पूर्वक किया।

**(लेखक, विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।)**

# सितंबर के महीने में 3 बड़े ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन

## ज्योतिष



सितंबर का महीना ग्रहों के लिहाज से खास माना जा रहा है। क्योंकि सितंबर का माह में सूर्य, बुध और शुक्र राशि परिवर्तन करेंगे। इसका प्रभाव मनाव जीवन के साथ-साथ देश-दुनिया पर भी देखने को मिलेगा। एक निश्चित अवधि में ग्रहों का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना ग्रह गोचर कहलाता है। ज्योतिष के अनुसार, सूर्य करीब 1 महीने में अपनी राशि बदलते हैं, बुध हर एक राशि में करीब 21 दिन रहते हैं और शुक्र 26 दिनों के बाद अपनी राशि परिवर्तन करते हैं। आज हम आपको इस लेख में बताने जा रहे हैं कि सितंबर के महीने में कौन-से बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। अभी ग्रहों के राजा सूर्य अपनी स्वकाशि सिंह में विराजमान हैं और 16 सितंबर 2024, सोमवार को कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। 17 अक्टूबर को सूर्य तुला राशि में गोचर करेंगे। बता दें कि सूर्य गोचर का प्रभाव मेष से मीन राशि तक रहेगा। ग्रहों के राजकुमार बुध वर्तमान में वक्री बुध कर्क राशि में हैं। 4 सितंबर को बुध सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। सितंबर में बुध का दूसरी बार राशि परिवर्तन होगा। 23 सितंबर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। सितंबर में बुध का डबल राशि परिवर्तन सभी 12 राशियों को प्रभावित करेगा। वहीं, 10 अक्टूबर को तुला राशि में प्रवेश करेंगे। प्रेम, धन और सुख-समृद्धि कारक शुक्र फिलहाल में कन्या राशि में संचरण कर रहे हैं। 18 सितंबर को शुक्र तुला राशि में प्रवेश करेंगे। शुक्र तुला राशि में गोचर करने के बाद सभी 12 राशियों को शुभ-अशुभ परिणाम प्रदान करेंगे। इसके बाद फिर 13 अक्टूबर को वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे।

## पत्र

### ओरल हेल्थ का ध्यान रखना जरूरी

**आज** के समय में लोग इतने व्यस्त हो चुके हैं कि उनके पास ओरल केयर का ध्यान भी नहीं रखते हैं। जब आप अपने ओरल हेल्थ का ध्यान नहीं रखोंगे तो आपके मसूड़ों में सूजन होने लगेगी, दांतों में दर्द, मुंह में छाले और सांसों की दुर्गंध जैसी समस्याएं होती है। फिर आप तरह-तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का यूज करते हैं या फिर डेंटिस्ट के चक्कर लगाते रहते हैं। जिन लोगों को मुंह से जुड़ी समस्याएं होती उन्हें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है बल्कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति और सामाजिक जीवन भी काफी प्रभावित करता है। इन सबसे बचने के लिए आप इस अयुर्वेदिक उपचार को आजमा सकते हैं। ओरल हेल्थ की समस्याओं के लिए घर पर बनाएं कचनार, गिलोय और चिरायता काढ़ा। कचनार में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंह की समस्याओं को दूर करते हैं। गिलोय को आयुर्वेद में अमृता कहा गया है। इसमें भी एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट व एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करता है और रोगों से भी लड़ता है।

**लातती देवी, कोकर**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने 34 मजदूरों को किया रेस्क्यू, 7 मानव तस्कर गिरफ्तार

**लोहरदगा :** पुलिस ने मानव तस्करों द्वारा ले जा रहे 34 मजदूरों का रेस्क्यू किया। साथ ही सात मानव तस्कर को गिरफ्तार किया। एसपी हारिस बिन जमां के निदेर्शानुसार मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में जिले के विभिन्न हिस्सों से पलायन कर अगरतला, त्रिपुरा जौनपुर, उत्तर प्रदेश सासाराम, बिहार, ईंट भट्टे में मानव तस्करों द्वारा ले जा रहे मजदूरों को रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किया गया। साथ ही सात मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। सभी को मीडियाकर्मियों के समक्ष प्रस्तुत कर जानकारी देने के पश्चात मंडल कारा लोहरदगा भेज दिया गया। पुलिस ने बिनोद उरांव, सुरेश असुर, दिलीप लोहरा, अंजारूल हक, सुरेंद्र गोप, जगेश्वर उरांव एवं नेपाली उरांव को 34 मजदूरों को दूसरे राज्यों में मानव तस्करी कर ले जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### सदर अस्पताल में बच्चों का ठीक से नहीं हो रहा इलाज, सिविल सर्जन को शोकॉज

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की चल रही कवायद के बीच एसएनसीयू के प्रतिकूल परिणाम सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शिशु स्वास्थ्य कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने केंद्र सरकार के पत्र के आलोक में सिविल सर्जन को शोकॉज किया है। अस्पताल में नवजात की मौत की दर कम करने के लिए एसएनसीयू  की स्थापना हुई है। इस साल अप्रैल से जून तक यानी 3 माह में एसएनसीयू में 164 नवजात को एडमिट किया गया। इनमें से 12% नवजात की मौत हो गई, जबकि 28% बच्चे रेफर कर दिए गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने इसे गंभीरता से लिया है। इधर, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने एसएनसीयू की व्यवस्था सुधारने को लेकर चिकित्सकों व कर्मियों के साथ वेयर हाउज सभागार में बैठक आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएस डॉ रंजन कुमार, क्लर्क मुकेश सिन्हा, प्रवीण सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

### बीसीसीएल कर्मी ने लगायी फांसी ,मौत

**धनबाद :** महुदा के भाटडीह धौड़ा में रहने वाले बीसीसीएल कर्मी महेश राय (47 वर्ष) ने गुरुवार को अपने क्वार्टर परिसर स्थित अमरूद के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी झूलकर आत्महत्या कर ली। उसने घर के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार, परिजनों दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। जब काफी देर बाद भी दरवाजा नहीं खुला, तो उसे तोड़ दिया गया। आंगन में पहुंचने पर सभी के होश उड़ गए। महेश राय पेड़ से रस्सी के सहारे लटक रहा था। उसकी मौत हो चुकी थी। महेश राय के घर में पत्नी के अलावा चार पुत्र व पांच बेटियां हैं। घटना की सूचना पाकर भाटडीह ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया प्रतिनिधि आदर कुमार मिश्रा, विद्या प्रकाश पाण्डेय व अन्य लोगों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

### जिला समादेष्टा का होमगार्ड ने किया स्वागत

**रामगढ़ :** नये जिला समादेष्टा नीलिमा सुरीन का झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अंग वस्त्र व बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष आनंद मोहन ने जिला समादेष्टा को जवानों की समस्या से अवगत कराया। कहा कि गृहरक्षकों को समय पर भुगतान नहीं होता है। महिलाओं को बराबर ड्यूटी नहीं मिलती है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ब्लॉक अंचल में किए कार्य का अब तक भुगतान नहीं मिल पाया है। जिला समादेष्टा ने आश्वासन दिया है कि सभी समस्याओं और मांगों का जल्द निदान किया जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंद्र महतो, जिला सचिव प्रदीप कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मो शाहिद रजा, जिला उपाध्यक्ष अशोक महतो, जिला उपसचिव राजकिशोर महतो, महिला जिला अध्यक्ष रेणुका देवी, सचिव अनीता देवी, जिला कोषाध्यक्ष मनोरमा देवी शामिल थी।

### निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मंडी टैक्स का किया विरोध

**धनबाद :** निरसा चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले व्यापारियों ने सरकार के प्रस्तावित कृषि उपज एवं पशुधन विधेयक (मंडी शुल्क) का विरोध किया है। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में शिवकुमार अग्रवाल ने कहा कि नए शुल्क से झारखंड के व्यापारियों का व्यापार न केवल प्रभावित होगा, बल्कि व्यापारियों का दोहन भी शुरू हो जाएगा। सभी व्यापारी इसका पुरजोर विरोध करते हैं। प्रेसवार्ता में चैंबर सचिव राहुल तायल, दिलीप मिश्रा, मुरली किशोर साहू, सुखेंदु दत्ता, मुरली मोहन अग्रवाल, रंजीत साहू, मधुसूदन गोराई, तेज प्रकाश खेड़िया, प्रमोद खेड़िया, इमरान आलम, सुरेश गोयल, सिंटू पाल आदि उपस्थित थे।

### सरायकेला डॉक्टर हत्याकांड व आदित्यपुर गोली कांड में सात आरोपी गिरफ्तार

**आदित्यपुर :** सरायकेला डॉक्टर बी मंडल हत्याकांड और आदित्यपुर में सुभाष प्रमाणिक पर हुई गोली चालन मामले में पुलिस को सफलता मिली है। यह सफलता एसपी मुकेश लुणआयत द्वारा गठित पुलिस टीम ने दिलाई है। घटना में टीम ने तकरीबन 7 अपराधियों को दबोचा है जिससे पूछताछ चल रही है। बताया जा रहा है कि जिले के एसपी शुक्रवार को ही प्रेसवार्ता कर दोनों मामलों का खुलासा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक राजनगर थाना क्षेत्र के सिजुलता के रहने वाले डॉ बी मंडल का अपहरण कर हत्या के मामले में दो आरोपी घटना के तुरंत बाद ही गिरफ्तार कर लिए गए थे। वहीं फरार चल रहे तीसरे आरोपी त्रिदेव गोप को भी पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत कोवाली पुलिस ने पोड़ाडीह से गिरफ्तार कर लिया है। उसे सरायकेला पुलिस को सुपुर्द किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में चंदन गोप व रोहित सिंह शामिल हैं। बताया जाता है कि त्रिदेव गोप ही डॉ बी मंडल हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है। रंगदारी के लिए डॉक्टर बी मंडल का अपहरण कर पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने हत्या कर दी थी। वहीं आदित्यपुर सालडीह के सुभाष प्रमाणिक पर गोली चालन मामले के चार आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सालडीह बस्ती में 27 अगस्त की सुबह आपसी रंजिश में पूर्व के हुए दो हत्याकांड के मुख्य गवाह सुभाष प्रमाणिक पर हत्या की नीयत से गोली चलाई गई थी। पुलिस ने घटना के 72 घंटे के अंदर मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

एसपी द्वारा गठित किए गए विशेष छापामारी दल ने संभावित ठिकानों पर छापामारी करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर पश्चिम बंगाल से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार सभी आरोपी सालडीह बस्ती के ही रहने वाले हैं। बता दें कि गोली लगने से घायल सुभाष प्रमाणिक को गंभीर अवस्था में कोलकाता रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। गोली उसके गर्दन में फंसी थी। इसके बादर टीएमएच ने उसे रेफर कर दिया था।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

मेट्रो रेज



**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कुलपति सभागार में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों, दीक्षांत समारोह के आयोजन समिति के सदस्यों एवं विभिन्न उप समितियों के समन्वयकों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में कुलपति ने विभिन्न समिति स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा समिति के समन्वयकों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मालूम हो कि सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका का आठवां दीक्षांत समारोह 24 सितंबर2024 को होने वाला है और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने विभिन्न उप समितियों का गठन किया है। बैठक में सभी उप समितियों के समन्वयकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्तर पर समिति के अन्य सदस्यों के साथ यथाशीघ्र बैठक कर आवंटित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरा करें। बैठक में दीक्षांत समारोह के लिए पोशाक का भी निर्धारण किया गया। दीक्षांत समारोह में भाग लेने वाले पुरुष प्रतिभागियों के लिए कुर्ता, पायजामा, साफा और पगड़ी तथा महिला प्रतिभागियों के लिए साड़ी, साफा और पगड़ी तय की गई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए अब तक 74 शोधार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है तथा उन्हें उपाधि दी जाएगी तथा विभिन्न परीक्षाओं के कुल 63 टोपेर्स विद्यार्थियों को मेडल दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि तक संख्या में परिवर्तन हो सकता है। बैठक में विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ.जयेंद्र यादव, प्रॉक्टर डॉ.राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ.अब्दुस सत्तार, वित्त पदाधिकारी डॉ.बिजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ डीके मिश्रा, डॉ सुजीत सोरेन, डॉ अजय सिन्हा, डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ. इंद्रनील मंडल, डॉ. पीपी सिंह, डॉ. डीएन गोराया, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. बिनय कुमार सिन्हा, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. नीलेश कुमार, डॉ. संजीव सिन्हा, डॉ. कलानंद ठाकुर, डॉ. सुशील टुडू, डॉ.संतोष शील, डॉ.शम्स तबरेज खान, स्वेता मरांडी, प्रो. आरकेएस चौधरी, अमिता कुमारी, डॉ.सैमुअल किस्कू, डॉ. शर्मिला सोरेन, डॉ.राजेश प्रसाद, सीमा कुमारी, डॉ.राजीव केरकेट्टा, डॉ.रीना कुमारी, दीपक कुमार, मनीष, कुंदन, भोला व अन्य उपस्थित थे।

## कार्यालय में लगा जनता दरबार जनसमस्याओं का हुआ समाधान



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित 20 सूत्री कार्यालय में प्रत्येक गुरुवार की तरह सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं से अवगत हुए।जिस दौरान उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से अपने-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

कालू पंचायत से रमेश रमानी अबूवा आवास योजना संबंधित,घाट मोहब्बतपुर से मजहरूल सेख थाना से संबंधित,घाट मोहब्बतपुर से मैया सम्मान योजना संबंधित,सीमा खातून,साहेबा खातून रजिया खातून,घाट मोहब्बतपुर से आमिर हम्जा स्टेट बैंक की समस्या से संबंधित,मयूरकोला से दिनेश साहा मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित समस्या को लेकर पहुंचे 20 सूत्री कार्यालय जहां पर 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने संबंधित पदाधिकारी से कुछ समस्याओं को ऑन द स्पॉट निदान करवाया और कुछ समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने को कहा।मौके पर ओबेदुर रहमान,मिथुन मंडल, प्रमीत तिवारी,लालू घोष, तपेश्वर साहा तकरीज आलम सहित क्षेत्र से आए ग्रामीण मौजूद थे।

## देश में बहन- बेटियों के साथ हो रहे बलात्कार व हत्या के खिलाफ बने कड़ा कानून



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंडबीस सूत्री सदस्य सहनवाज नासिर के नेतृत्व में आय दिन देश में हो रहे बलात्कार एवं हत्याओं के खिलाफ जिसमें कोलकाता डॉक्टर मौमित उत्तराखंड की तस्लीम जहां, रायपुर की दो बहनें जिनके साथ राखी के दिन कुकृत्य किया गया, जैसी अन्य सभी बेटियों के लिए न्याय की मांग तथा इसके लिए कड़े से कड़े कानून बनाने की मांग को लेकर केंडल मार्च के साथ तिरंगा यात्रा भी निकाला गया। जिसमें सैकडों की संख्या में महिलाओं के साथ-साथ युवा भी शामिल हुए, सभी का एक ही कहना है। देश में बेटियों के लिए एक ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमें बेटियां अपने आप को सुरक्षित और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। मौके पर अंशु शेखर, उसा भारती,प्रतिभा गुप्ता, सुजाता भगत, लख्खी गुप्ता, मोनी भगत, रजनी गुप्ता खुशी कुमारी, सुधा दास, चोटी दास, बिक्की कर्मकार, धर्मेंद्र सह, रोहित साह, थॉमस रॉबट, आफताब अंसारी, मनीष गुप्ता, पप्पू स्वर्णकार, आमिर, श्याम कुमार, तौफिक, रिंकू प्रमाणिक, वारिश अंसारी, राम कुमार, बबलू अंसारी, राकेश शेख, निकेश गुप्ता, रबी शंकर रमानी, दिलशाद एवं अन्य उपस्थित थें।

# आदिवासियों के सामाजिक बैठक में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

मेट्रो रेज



**मांडर :** प्रखंड के बांसजाड़ी में मूल आदिवासियों के सामाजिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत।

बैठक में विभिन्न तरह के सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। जिसमे जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए और संवैधानिक अधिकार और हक पर भी चर्चा किया गया। अभी भी मूल आदिवासियों का जीवन स्तर में बहुत बदलाव देखने को नही मिल रहा है आज भी लोग दतवन पत्ता बेच रहे है, नदी का बालु हटा कर पानी पी रहे है, रोजगार हेतु दर दर भटक रहे है, रेजा और कुली के काम से ऊप्पर नही उठे है इनका हक और आधिकार कही और जा रहा है, इनके सुरक्षा और जीवन स्तर उपर उठाने के बिंदु पर भी विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

बैठक में ग्रामीणों ने कई तरह के समस्याओं जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन अबुआ आवास एवं सिंचाई हेतु ट्रांसफार्मर, पॉल, बिजली का तार की आपूर्ति में हो रही दिक्कतों को भी बताया। डॉ. परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आपकी समस्याओं को हल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

मौके पर प्रो सोमरा उरांव, फुलदेव कुजूर, मांगरा पहान, कुमारदेव उरांव, मंगरा उरांव, विजय उरांव, जितेंद्र उरांव, परुवा उरांव, बिरसा उरांव, सोमरा उरांव, निरंजन तिग्गा, गोंडा उरांव, हरिलाल उरांव, सूर्यदेव तिग्गा, सके तिग्गा, एतवा उरांव, राजेश लकड़ा, दिलेंदर उरांव, महादेव उरांव, जीतू उरांव, बुधु तिग्गा, चमू उरांव, रंका उरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सरकार के मनमाने रवैया से आक्रोशित मुखिया संघ व पंचायत सचिव ने की हड़ताल

मेट्रो रेज



**जामा:** झारखण्ड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले जामा प्रखंड के सभी 23 पंचायत के मुखिया कलम बंद कर हड़ताल पर चले गये हैं। उधर सभी पंचायतों के पंचायत सचिव भी अपनी दो सूत्री मांग को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर चुके हैं। मुखिया संघ ने सरकार से राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को आवंटित करने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल किया है। वहीं पंचायत सचिव संघ ने मूल ग्रेड पे 2400 करने एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद के लिये आरक्षित 25 प्रतिशत पद पर सीमित परीक्षा आयोजित कर रिक्त पद को भरे जाने की मांग की है।

### तालझारी थाना क्षेत्र से सफेद रंग की अपाचे बाइक चोरी

**साहिबगंज/तालझारी :** थाना क्षेत्र के खरबन्नी प्राथमिक विद्यालय तालझारी के समीप मुख्य सड़क पर खड़ी राजमहल थाना क्षेत्र के टेकबथान ग्राम निवासी लक्ष्मन कुमार मंडल के सफेद रंग की अपाची -160 बाइक संख्या जेएच 18 एच-2255 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसे लेकर लक्ष्मण मंडल द्वारा तालझारी थाना को अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया है वहीं मामले को लेकर तालझारी थाना अमर कुमार मिंज ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुए है। मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साइकिल सवार दंपत्ति घायल



**जामा :** थाना क्षेत्र के जामा- जामताड़ा मुख्यमार्ग पर चतरा गांव के समीप गुरुवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार दंपत्ति घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और घायल दंपत्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों घायलों का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार जामा थाना क्षेत्र के मधुबन के साबोन हेंब्रम  उम्र 56 वर्ष एवं उनकी पत्नी बहामुनी बेसरा उम्र 52 वर्ष साइकिल से जामा की तरफ आ रहे थे कि अज्ञात वाहन की ठोकर से दोनो गिरकर घायल हो गये।

## राशन में कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश आपूर्ति पदाधिकारी को दिया लिखित आवेदन



**साहिबगंज/पतना/मेट्रो रेज :** पतना प्रखण्ड के बरमसिया निवासी सैकड़ो ग्रामीणों ने पतना प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर डीलर द्वारा मनमाने ढंग से राशन में कटौती की जा रही है।राशन कार्ड धारियों को  प्रत्येक महीने राशन में वजन मात्रा में कटौती से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है।आवेदनानुसार ग्रामीणों ने बताया है कि स्थानीय डिलर रतन दास महिला बिकास समिति झिकटिया के पास राशन लेने गए तो देखा कि राशन की मात्रा वजन के हिसाब से कम है। सभी ग्रामीणों ने उसी राशन को किसी अन्य तराजू में तौला गया तो राशन 4 से 5 किलोग्राम प्रति कार्डधारियों का राशन कम पाया ,इसके बाद सभी ग्रामीण कार्डधारियों द्वारा डीलर से पूछा कि राशन कम क्यों दिया तो वह भड़क गए और गाली गलौज करते हुए बोला कि जिसके पास जाना है जाओ हम राशन कम ही देंगे ,एम.ओ ,बीडीओ मेरा कुछ नहीं कर सकेगा । राशन कम मिलने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि मामले पर कार्यवाही नहीं हुई तो सड़क पर उतरने पर मजबूर हो जायेगें।

# पंचायत सचिव के हड़ताल पर जाने से शुरू होने वाली योजनाएं व कार्यक्रम होंगे प्रभावित

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य पंचायत सचिव संघ के आहवान पर राज्य के तमाम पंचायत सचिव अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए है। वही साहिबगंज जिला के सभी प्रखंडों में कार्यरत पंचायत सचिवों अपनी मांगों को लेकर जिला पंचायत राज पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष जिला अध्यक्ष जागेश्वर पंडित के नेतृत्व में तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे।आप को बता दु की पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने से विकास कार्य काफी प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना,आबुआ आवास योजना सहित कई सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रभावित हो रहा है।वही पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने से आज से शुरू होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी प्रभावित होगी। वही संघ के जिला महामंत्री जनक देव यादव ने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगे पूरी नही करती तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। मौके परसंघ के जिला मंत्री जनकदेव यादव,जिला अध्यक्ष जागेश्वर पंडित कोषाध्यक्ष, छत्रेश्वर यादव, मीनाक्षी सीता प्रियंका काजल, मोनिका, सुशील किस्कू,परमेश्वर किस्कू मोतीलाल मुर्मू, सुनील दास,श्याम साह, अरुण साह,सहित तमाम पंचायत सचिव मौजूद थे।

# 'पुष्पा-2' का नया पोस्टर जारी 6 दिसंबर को फिल्म होगी रिलीज



साउथ स्टार अल्लू अर्जुन की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' के रिलीज होने में जैसे जैसे देरी हो रही है। वैसे-वैसे फैंस में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। अब मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। नए पोस्टर में अल्लू अर्जुन पुष्पा-2 में राज के अवतार में नजर आ रहे हैं। 'पुष्पा 2' के नए पोस्टर में टैगलाइन है, '100 दिनों में देखें सफलता'। यानी कि ये फिल्म आज से 100 दिन बाद सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नया पोस्टर पुष्पा और भंवर सिंह के बीच एक्शन से भरपूर लड़ाई का संकेत देता है। इसके साथ ही यह प्रशंसकों और दर्शकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'पुष्पा 2' कब आ रही है पोस्टर को मैत्री मूवी मेकर्स के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक कैप्शन के साथ अपलोड किया गया है। 'पुष्पा-2' के लिए 100 दिन बचे हैं। फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों पर रिलीज होगी।

### 'पुष्पा-2' की स्टारकास्ट

पुष्पा : द राइज एक बड़ी हिट थी। पहली फिल्म की सफलता ने साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक के रूप में अगली कड़ी 'पुष्पा - द रूल' के लिए बड़ी उम्मीदें पैदा कर दी हैं। पुष्पा राज के रूप में अल्लू अर्जुन का प्रदर्शन एक बार फिर स्क्रीन पर राज करेगा। उम्मीद है कि अर्जुन का प्रदर्शन कहानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सुकुमार द्वारा निर्देशित और फहद फासिल द्वारा निर्देशित रश्मिका मंदाना अहम रोल वाली ये फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# साउथ सुपरस्टार नागा चैतन्य ने अपनी दूसरी शादी पर तोड़ी चुप्पी

साउथ सुपरस्टार नागा चैतन्य अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सामंथा से तलाक के बाद अब नागा चैतन्य दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले नागा चैतन्य ने बॉलीवुड एक्ट्रेस शोभिता धूलिपाला से सगाई कर अपने फैंस को चौंका दिया था। सगाई के बाद अब नागा चैतन्य और शोभिता जल्द ही शादी करने वाले हैं, लेकिन नागा चैतन्य बेहद साधारण तरीके से शादी करना चाहते हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इसकी वजह का खुलासा किया। सगाई के बाद नागा चैतन्य और शोभिता की शादी की चर्चा तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि वे मार्च 2025 में शादी कर सकते हैं। उनकी शादी के लिए वेडिंग मेन्यू भी खोजा जा रहा है और कहा जा रहा है कि यह एक डेस्टिनेशन वेडिंग होगी। एक्टर ने खुद कहा है कि नागा चैतन्य इस शादी में कोई ताम-झाम नहीं चाहते हैं। उन्होंने एक इवेंट में इसके पीछे की वजह बताई है। नागा चैतन्य ने कहा, ₹शादी उन लोगों के लिए है, जो मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्कृति और परंपराएं महत्वपूर्ण हैं। इसलिए मैं इस तरह की एक बहुत ही साधारण शादी करना चाहता हूं। मैं धूमधाम से शादी नहीं करना चाहता। खबर है कि नागा चैतन्य और शोभिता ने 8 अगस्त को गुपचुप तरीके से शादी कर ली।



नागार्जुन ने तस्वीरें शेयर कर अपने रिलेशनशिप की जानकारी दी है। नागा चैतन्य और शोभिता के रिश्ते के चर्चे अक्सर होते रहते थे। इन दोनों को एक साथ स्पॉट भी किया गया था। हालांकि, दोनों ही इस पर कमेंट करने से बचते रहे। आखिरकार नागा चैतन्य और शोभिता ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया। नागा चैतन्य की पहली शादी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु से हुई थी। कुछ सालों तक डेटिंग करने के बाद, उन्होंने वर्ष 2017 में शादी कर ली, लेकिन कुछ ही सालों में उनकी दुनिया उजड़ गई। वर्ष 2021 में उन्होंने घोषणा की कि वे तलाक लेकर अलग हो गए हैं।

# फिल्म 'ए वेडिंग स्टोरी' का अर्जी सॉन्ग रिलीज

किसी फिल्म की भूतिया कहानी बिना एक मधुर धुन के पूरी हो सकती है। फिल्म 'ए वेडिंग स्टोरी' का 'अर्जी'–प्रेम और लालसा का भावनात्मक गाना रिलीज कर दिया गया है। निखिता गांधी और रही सईद की मधुर आवाज के साथ गाए गए इस गाने की संगीत रचना रही सईद ने की है और इसके बोल त्रिपुरारी कुमार शर्मा ने लिखे हैं। 'अर्जी' गाना दुल्हन और दूल्हे के बीच के रिश्ते को पूरी तरह से चित्रित करता है। रही सईद और सुचिता भट्टाचार्य के संगीत निर्देशन और टॉल्ज के संगीत निर्माण के साथ इस गाने की धुन सुनने वालों को रोमांस के साथ भय का भी अहसास कराती है। 'ए वेडिंग स्टोरी' एक नवीनतम सुपरनैचरल हॉरर फिल्म है, जो भारतीय सिनेमा की सबसे हॉरर फिल्मों में से एक होने का दावा करती है। शानदार दृश्य, आकर्षक प्रदर्शन और भय के वातावरण के साथ फिल्म एक खुशी भरे शादी के इर्द-गिर्द केंद्रित है, जो जल्दी ही अराजकता में बदल जाती है क्योंकि इस दौरान कई खतरनाक घटनाएं होती हैं। जैसे-जैसे इस फिल्म की रिलीज तारीखा नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में मुक्ति मोहन, वैभव तटवाड़ी, लक्षविर सिंह सरन, मोनिका चौधरी, अक्षय आनंद, डॉ. प्लोम खुराना और पिलू विद्यार्थी हैं। यह नवीनतम सुपरनैचरल हॉरर फिल्म, 'ए वेडिंग स्टोरी', अभिषेक पारिक की निर्देशित और विनय रेड्डी निर्मित है। इस फिल्म की कहानी शुभो शेखर भट्टाचार्य ने लिखी है और यह 30 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।




# अपने जीवन के कठिन दौर पर छलका विजय वर्मा का दर्द

बॉलीवुड कलाकार लगातार किसी न किसी वजह से खबरों में बने रहते हैं। अब मशहूर एक्टर विजय वर्मा एक इंटरव्यू के दौरान अपने मुश्किल वक्त पर दिए गए बयान के कारण चर्चा का हिस्सा बन गए हैं। वेब सीरीज 'मिजार्पुर-3' के प्रमोशन के दौरान दिए इंटरव्यू में विजय वर्मा ने अपने पिता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर विजय वर्मा ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपने जीवन के कठिन दौर के बारे में बात करते हुए कहा, "एक दौर सबसे बुरा था। जब मैंने अपने पिता से कहा कि मैं एक अभिनेता बनना चाहता हूं, मैं अभिनय के क्षेत्र में काम करना चाहता हूं तो उन्होंने मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। मेरे बैंक खाते में केवल 18 रुपये बचे थे, जिसमें मैं पानीपुरी या इडली खा सकता था। मेरे पिता मुझसे बात नहीं करते थे और इसलिए उन्होंने घर से पैसे लेना बंद कर दिया, जबकि मेरे घर की स्थिति अच्छी थी। मैंने पैसे के लिए कुछ छोटी भूमिकाएँ कीं लेकिन ये मेरे लिए बहुत बुरा अनुभव था। यह मेरे जीवन का कठिन समय था। विजय वर्मा के काम की बात करें तो उन्होंने शॉर्ट फिल्म 'शोर' से एक्टिंग में अपना पहला कदम रखा था।



# वीडियो में सलमान खान को देखकर फैंस ने जताई चिंता

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं। वह जहां भी नजर आते हैं, पैपराजी 'भाई-भाई' चिल्लाते नजर आते हैं। हाल ही में सलमान खान को एक इवेंट में स्पॉट किया गया। इस कार्यक्रम से सलमान का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनके इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस ने चिंता जाहिर की है। वे कह रहे हैं कि वे उनके जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। सलमान के इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में सलमान हमेशा की तरह कैजुअल लुक में टी-शर्ट और जींस पहने नजर आ रहे हैं। उस वक्त उन्होंने फैन्स से इको-फ्रेंडली गणपति बनाने की अपील की थी ताकि पर्यावरण को नुकसान न हो। उस वक्त सलमान ने दर्शकों का मनोरंजन भी किया और उनके साथ मस्ती भी की। उनका यह वीडियो देखने के बाद हर कोई हैरान है। शुरूआत में सलमान सोफे पर बैठे नजर आते हैं। इसके बाद 58 साल के सलमान को सोफे से उठने में दिक्कत होती दिख रही है। इसे देखकर उनके फैंस को उनकी चिंता सताने लगी है। सलमान की हाल ही में पसलियों की सर्जरी हुई है। फिर भी वह कार्यक्रम में पहुंचे। ये देख अमृता फड़णवीस ने भी सलमान खान का शुक्रिया अदा किया। दरअसल, सलमान अभी भी इस सर्जरी से पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और इसका असर उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है। उनके वीडियो को देखने के बाद नेटिजन्स इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक नेतकरी ने कहा, 'इस कार्यक्रम में पता चला कि भाई की तबीयत ठीक नहीं है फिर भी वह इस कार्यक्रम में आये।' एक अन्य नेटीजन ने कहा, 'सलमान अभी भी गंभीर रूप से घायल हैं लेकिन अज्ञानी लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं।' तीसरी नेटकरी ने कहा, 'भाई जल्दी ठीक हो जाओ।' सलमान के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही 'सिकंदर' में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादॉस ने किया है। फिलहाल वह अपनी शूटिंग में व्यस्त हैं। तो ये फिल्म अगले साल ईद 2025 में रिलीज होगी।



## बीसीबी बोर्ड वित्त की जांच के लिए नियुक्त करेगा स्वतंत्र ऑडिट फर्म

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के नए अध्यक्ष फारूक अहमद ने घोषणा की है कि वे बोर्ड के वित्त की जांच के लिए एक नई ऑडिट फर्म नियुक्त करेंगे, जबकि उन्होंने स्वीकार किया कि नजमुल हसन के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था, जिन्होंने हाल ही में शीर्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

फारूक ने गुरुवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में अपनी पहली बोर्ड मीटिंग में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम देश की शीर्ष चार कंपनियों में से एक को स्वतंत्र ऑडिट फर्म नियुक्त करेंगे। अनियमितताओं का पता लगाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अगर पिछले कुछ वर्षों में कुछ हुआ है, तो ऑडिट के बाद उसका पता चल जाएगा। अगर कोई अनियमितता पाई जाती है, तो भ्रष्टाचार निरोधक आयोग कार्रवाई करेगा। बोर्ड में कुछ भ्रष्टाचार था। मैं इससे इनकार नहीं कर सकता और हर कोई इसके बारे में जानता है। फारूक ने यह भी कहा कि बोर्ड पिछले विश्व कप की असफलता की मूल्यांकन रिपोर्ट को फिर से खोलना चाहता है और कुछ अन्य रिपोर्टों पर भी गौर करना चाहता है, जो बोर्ड को सौंपे जाने के बाद शायद ही कभी प्रकाश में आई हों। हाल ही में, बीसीबी के निदेशक अकरम खान, जो 2023 विश्व कप की रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली मूल्यांकन समिति के तीन सदस्यों में से एक हैं, ने जोर देकर कहा कि उनकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए।

फारुक ने कहा, 'पिछले विश्व कप की एक रिपोर्ट है, जबकि कुछ अतीत की रिपोर्टें हैं (जो प्रकाश में नहीं आई हैं) और मैंने सीईओ से कहा कि मैं उन्हें देखना चाहता हूं और रिपोर्ट देखने के बाद निर्णय लूंगा।'

उन्होंने कहा, 'यह पूरी तरह से तर्कसंगत है (इसे सार्वजनिक करना) और मैं इसे लोगों के सामने लाना चाहता हूं और चूंकि मैं इसका हिस्सा नहीं हूं, इसलिए इसे प्रकट करने में कोई समस्या नहीं है और मैं इसे दुनिया के सामने लाना चाहता हूं।'

अगर विश्व कप मूल्यांकन रिपोर्ट पर विचार किया जाता है, तो चंदिका हथुरुसिंघा का मुख्य कोच के रूप में अधिक समय तक बने रहना संभव नहीं है। यह समझा जाता है कि मूल्यांकन समिति ने श्रीलंकाई पर उंगली उठाई थी और उन्हें बांग्लादेश की विश्व कप की पराजय के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार ठहराया था। मुख्य कोच के रूप में हथुरुसिंघा का वर्तमान अनुबंध चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अंत तक है। फारुक ने कहा, 'मैं बोर्ड का अध्यक्ष हूं और इसलिए मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे लगे कि मैं निरंकुश हो गया हूं। मैं तानाशाह नहीं बनना चाहता। हमने हथुरूसिंघा के बारे में बात की है। हम इस मामले पर उसी तरह विचार करेंगे जैसे हमने शाकिब के मामले को संभाला था। मैंने कहा कि हम टेस्ट सीरीज के बीच में कुछ नहीं करना चाहते।'उन्होंने कहा, 'हम अभी दौरे के बीच में हैं। अध्यक्ष के तौर पर आप कोई भी फैसला ले सकते हैं लेकिन हमें टीम को परेशान न करने के बारे में सोचना होगा। हम इस पर चर्चा कर रहे हैं (हथुरूसिंघा के साथ क्या किया जा सकता है) और सभी की राय लेने की कोशिश करेंगे। यह एक जांच की तरह है, हम इस बात पर अच्छी तरह से विचार करेंगे कि उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश क्रिकेट को कितना नुकसान हुआ है और फिर कोई फैसला लेंगे। आप निकट भविष्य में कुछ देख सकते हैं।

# यूएस ओपन : दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका दूसरे दौर में हारकर बाहर

**न्यूयॉर्क।** दो बार की चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका की अमेरिकी ओपन में वापसी गुरुवार को दूसरे दौर में समाप्त हो गई, जब वह 52वीं रैंकिंग की चेक गणराज्य की कैरोलिन मुचोवा से 6-3, 7-6 (7/5) से हार गईं। 2018 और 2020 में विजेता रहीं जापान की ओसाका अपनी बेटी शाई के जन्म के कारण पिछले साल प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थीं। 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से वह किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में आगे नहीं बढ़ पाई हैं। कोर्ट पर वापसी में ओसाका को अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, शुरूआती दौर में जेलेना ओस्टापेंको के खिलाफ उनकी जीत चार साल में शीर्ष दस में स्थान पाने वाली किसी महिला पर उनकी पहली जीत दर्ज थी। दूसरी तरफ मुचोवा पिछले साल न्यूयॉर्क में सेमीफाइनलिस्ट थी और कलाई की सर्जरी के कारण नौ महीने तक बाहर रहने से पहले दुनिया में नौवें स्थान पर थीं। ओसाका ने आर्थर ऐश स्टेडियम में शानदार वापसी करते हुए अच्छी शुरूआत की, जहाँ 2018 में उन्होंने सेरेना विलियम्स को हराकर पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की थी। इस बार, ओसाका स्पॉटलाइट के लिए डिजाइन किए गए काले रंग के कस्टमाइज्ड नाइकी आउटफिट में कोर्ट पर उतरीं। उन्होंने अच्छी शुरूआत की, लेकिन वे शुरूआती ब्रेक पॉइंट का फायदा उठाने में विफल रहीं और मुचोवा द्वारा नेट पर लगातार दबाव बनाए रखने के दौरान कई गलतियाँ कीं। चेक गणराज्य की खिलाड़ी ने लगातार पाँच गेम जीते और शुरूआती सेट में 4-3 की बढ़त हासिल की और अंत में पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में 1-1 की बराबरी पर कड़ी पकड़ के साथ, ओसाका ने मुचोवा की सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त हासिल की। हालांकि, उन्होंने अगले गेम में तीन सेट के मौके गंवाए, जिससे मुचोवा को फिर से बढ़त हासिल करने का मौका मिला। ओसाका ने फिर एक लंबे फोरहैंड के साथ सेट को बराबर कर दिया। इसके बाद मैच टाईब्रेकर में गया, जहां मुचोवा ने बाजी मारी।



## यूएस ओपनः जननिक सिनर ने दूसरे दौर में दर्ज की आसान जीत

**न्यूयॉर्क।** विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जननिक सिनर ने अमेरिकी एलेक्स मिशेलसन को सीधे सेटों में 6-4, 6-0, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सिनर ने सीजन की अपनी 50वीं जीत और हार्ड कोर्ट पर अपने दौरे की 30वीं जीत दर्ज की। गुरुवार दोपहर (स्थानीय समयानुसार) आर्थर ऐश स्टेडियम में सिनर ने शानदार प्रदर्शन किया और 49वें स्थान पर रहने वाले नेक्स्टजेन एटीपी स्टार को हराकर एक मुश्किल मुकाबले को आसान जीत में बदल दिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले मेजर सहित पांच खिताब जीते हैं। मैच में 23 वर्षीय इटालियन सिनर ने स्वतंत्र रूप से शॉट लगाए और अपने वजन और शॉट की गहराई से मिशेलसन को गलतियाँ करने पर मजबूर किया, जिससे उन्हें इस महीने 20 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ दूसरी जीत मिली। सिनर, जिन्होंने सिनसिनाटी में खिताब के लिए अपने पहले एटीपी हेड-टू-हेड मीटिंग में मिशेलसन को हराया था, लगातार चौथे साल यूएस ओपन में तीसरे दौर में हैं और अब उनका सामना क्रिस्टोफर ओ'कॉनेल से होगा। सिनर ने जीते गए आठ ब्रेक पॉइंट में से 50 प्रतिशत को कन्वर्ट किया, जबकि मिशेलसन ने केवल दो जीते। सिनर का 81% पहला सर्व जीत प्रतिशत, जो मिशेलसन के 65% से काफी अधिक है, उनकी सफलता का एक महत्वपूर्ण कारक था। युवा अमेरिकी ने पांच डबल फॉल्ट सर्व किए। इससे पहले, चेक गणराज्य के टॉमस मचैक ने 16वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार हार्ड-कोर्ट मेजर के तीसरे दौर में प्रवेश किया।



# विश्व कप के बाद टी20 कप्तानी छोड़ देंगी सोफी डिवाइन



एजेंसी

**वेलिंगटन।** सोफी डिवाइन अक्टूबर में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड की टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हट जाएंगी। 34 वर्षीय डिवाइन अभी भी वनडे टीम की कप्तान बनी रहेंगी।

डिवाइन ने 2014-15 सीजन में स्टैंड-इन कप्तान के रूप में और फिर 2020 में एमी सैटरथवेट से पूर्णकालिक भूमिका निभाते हुए 56 टी20 में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 25 में जीत दर्ज की है और 28 में टीम को हार का सामना करना पड़ा है, जबकि 1 मैच टाई रहा है।

डिवाइन, जो 2006 में अपने पदार्पण के बाद से 135 मैचों में 3268 रन के साथ प्रारूप में न्यूजीलैंड की सर्वकालिक दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर हैं, ने कहा कि कार्यभार संतुलन की उनकी इच्छा ने यह निर्णय लिया। डिवाइन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) के हवाले से कहा, 'मुझे दोनों प्रारूपों में व्हाइट फर्न्स की कप्तानी करने का सौभाग्य मिलने पर बहुत गर्व है। कप्तानी के साथ एक अतिरिक्त कार्यभार भी आता है, जिसे उठाने में मुझे मजा आता है, लेकिन कई बार यह चुनौतीपूर्ण भी हो सकता है। टी-20 कप्तानी से हटने से मेरी जिम्मेदारी कुछ कम हो जाएगी, जिससे मैं अपनी ऊर्जा का अधिक उपयोग अपनी खेल भूमिका पर तथा भविष्य के नेतृत्वकताओं को तैयार करने पर कर सकूंगी।'

टी20 विश्व कप से पहले पैर की चोट से उबरने के लिए फिलहाल आराम कर रही डिवाइन ने अभी वनडे कप्तानी नहीं छोड़ने और न्यूजीलैंड के लिए दोनों सफेद गेंद प्रारूपों में खेलना जारी रखने की अपनी इच्छा पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं अभी वनडे कप्तानी छोड़ने के लिए तैयार नहीं हूं। लेकिन मैं हमेशा के लिए नहीं रहूंगी, इसलिए मुझे लगता है कि एक समय में एक प्रारूप की कप्तानी से दूर रहने से अगले कप्तान को अपने पैर जमाने का समय मिल जाएगा।'

### न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी का नाम नहीं बताया है

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'सोफ एक निडर कप्तान की प्रतिमूर्ति हैं और हम मैदान पर और मैदान के बाहर उनके नेतृत्व के लिए वास्तव में आभारी हैं। वह अब तक की सबसे अनुभवी व्हाइट फर्न्स में से एक हैं और उनका नेतृत्व और खेल का ज्ञान बहुत मूल्यवान रहा है क्योंकि हमने पिछले दो वर्षों में टीम में कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया है। मुझे पता है कि सोफ के लिए यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन मैं इसका पूरा समर्थन करता हूं और जानता हूं कि वह अभी भी समूह में एक प्रमुख लीडर बनने जा रही हैं।'
न्यूजीलैंड को विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा 10 सितंबर को करनी है, इससे पहले कि टीम तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टी20 दौरे के लिए रवाना हो।

## बिजनेस न्यूज

### वी मार्क ने लॉन्च की उच्च तकनीक वाली वायर और केबल की रेंज

**रांची :** विद्युत और पावर केबल उद्योग की अग्रणी कंपनी वी–मार्क ने लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अपनी नवीनतम केबल रेंज फ्लेक्सी टफ एचएफएफआर वायर्स एवं ईबी+ पावर केबल का अनावरण किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब और तमिलनाडु सहित सात राज्यों के 250 से अधिक डीलर्स ने हिस्सा लिया वी–मार्क की यह नई केबल रेंज उद्योग में एक महत्वपूर्ण क्रांति लाने के लिए तैयार है। इन केबलों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉन बीम क्रॉस–लिंक्ड तकनीक का उपयोग किया गया है, उच्च तापमान (150°C तक) पर भी प्रभावी रूप से काम कर सकती है। ये केबल उच्च यूवी एक्सपोजर, केमिकल कोराजन, या फिजिकल वेयर एंड टियर जैसी चरम पर्यावरणीय स्थितियों का सामना करने के लिए डिजाइन की गई हैं, जिससे ये बड़े औद्योगिक परियोजनाओं से लेकर आवासीय वायरिंग तक के लिए आदर्श बनती हैं। इन केबलों का निर्माण 99.97% ब्राइट इलेक्ट्रोलाइटिक ग्रेड कॉपर के कंडक्टर्स का उपयोग करके किया गया है, जो अधिकतम चालकता और लचीलेपन को सुनिश्चित करता है। इन्सुलेशन इन–हाउस विकसित विशेष रूप से तैयार किए गए स्पेशल इ–बीम क्रॉस लिंक्ड एक्स एल पी ओ पॉलीमर एचएफएफआर कंपाउंड श्रेणी द्वारा प्रदान किया गया है, जो केबलों के विद्युत गुणों को 80% तक बढ़ाता है। यह कंपाउंड केबलों की सुरक्षा और दीर्घायु सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण घटक है, जो 60 वर्षों से अधिक समय तक चलने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमे आग लगने की स्थिति में विषाक्त गैसों का उत्सर्जन नहीं होता। यह उत्पाद आर ओ एच एस मानकों के साथ भी अनुपालन करता है, जिससे यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि सुरक्षा के उच्चतम मानकों को भी पूरा करता है। वी मार्क की नई केबल रेंज में सिंगल–कोर केबल्स से लेकर मल्टी–कोर केबल्स तक के विभिन्न उत्पाद शामिल हैं, जो बाजार की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किए जा सकते हैं। कंपनी का उद्देश्य इन उन्नत उत्पादों को देशभर में पहुंचाकर भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है। जैसे–जैसे वी मार्क अपनी उपस्थिति का विस्तार करता जा रहा है, यह गुणवत्ता, सुरक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों के साथ उत्पादों की आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करता रहेगा, जो इसे विद्युत निर्माण क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में स्थापित करता है।

### भारतीय राष्ट्रगान के एपीक संस्करण ने गिनीज वर्ल्ड में बनाया रिकॉर्ड

**रांची :** ग्रैमी अवार्ड विजेता रिकी केज के द्वारा एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में कोलकाता स्थित सांस्कृतिक कार्यकर्ता संदीप भूतोरिया के साथ तैयार किए गए भारतीय राष्ट्रगान के एक महाकाव्य संस्करण ने गायक मंडली की विशेषता वाले 'सबसे बड़े गायन पाठ' के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रवेश करके एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। जिसमें ओडिशा के लगभग 14,000 आदिवासी बच्चों के गायक मंडल ने एक साथ प्रदर्शन किया।, उन्होंने ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज में एक साथ इसका प्रदर्शन किया।इस वीडियो में भारत के जीवित संगीत दिग्गज – पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, राकेश चौरसिया, अमन और अयान अली बंगश, राहुल शर्मा, जयंती कुमारेश, शेख और कलेशबी महबूब, गिरिधर उडुपा और यूके के रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा के सदस्य भी शामिल थे। इस अवसर पर प्रभा खेतान फाउंडेशन के ट्रस्टी संदीप भूतोरिया जो विश्व स्तर पर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रहे हैं ने कहा, 'यह परियोजना भारत की विविधता में एकता का सच्चा उत्सव है, इसके साथ ही यह संगीत के क्षेत्र में सहयोग और सांस्कृतिक जगत में प्रतिनिधित्व के मामले में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओडिशा के हजारों बच्चों के साथ ऐसे दिग्गज कलाकारों के सहयोग से मिली उपलब्धि, पूरी दुनिया को हमारी सांस्कृतिक विरासत की ताकत के बारे में एक शक्तिशाली और गौरवपूर्ण संदेश देती है। इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना हमारे लिए सम्मान की बात है। रिकी केज ने कहा, 'यह परियोजना संगीत की शक्ति का एक प्रमाण है, जो लोगों को एक साथ लाता है। यह हमारे विविध विरासत का उत्सव और भारत की भावना को सम्मानित करता है। हम ने जो हासिल किया है, उस पर मुझे अत्यंत गर्व है,'। 14,000 बच्चों ने भारत का एक मानव मानचित्र बनाया और हिंदी और अंग्रेजी में 'भारत' शब्द का निर्माण किया, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसके युवा की असीम संभावनाओं का एक शक्तिशाली दृश्य प्रतिनिधित्व है। राष्ट्रगान के इस संस्करण को यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया द्वारा विभिन्न प्लेटफार्मों पर जारी किया गया है। प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार रिकी केज ने भारतीय राष्ट्रगान की ऐतिहासिक संस्करण को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करके एक बार फिर संगीत की उत्कृष्टता का स्तर ऊंचा उठाया है। 2023 में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि के बाद, जहां उन्होंने लंदन के एब्बे रोड स्टूडियो में भारतीय राष्ट्रगान प्रस्तुत करने के लिए अब तक के सबसे बड़े सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा (100–पीस रॉयल फिलहारमोनिक ऑर्केस्ट्रा, यूके) का संचालन कियारिकॉर्डिंग 14 अगस्त को, भारत के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों पर जारी की गई थी, यह केवल एक संगीत उपलब्धि नहीं है बल्कि एकता और विविधता का प्रतीक है जो राष्ट्र को परिभाषित करता है।कुल मिलाकर, राष्ट्रगान की यह महाकाव्य संस्करण की प्रस्तुति न केवल संगीत की दुनिया में एक तकनीकी उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि भी प्रस्तुत करती है। यह भौगोलिक और सामाजिक सीमाओं के पार संगीत की एकजुट शक्ति का एक बेहतरीन उदाहरण है।

### तनिष्क के खूबसूरत, अनूठे आभूषणों के साथ तीज को जगमगाएं

**रांची :** इस तीज पर तनिष्क के बेहद खूबसूरत आभूषणों के साथ 'सोलह श्रृंगार' करें और अपने दांपत्य जीवन में नयी ऊर्जा लाएं। भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अपने उपभोक्ताओं की तीज को सुनहरा बनाने के लिए इस पवित्र पर्व पर विशेष प्रमोशन की भी घोषणा की है। तनिष्क की विशेष तीज शगुन ऑफर में सोने के आभूषणों पर हर ग्राम पर 101 रुपयों की छूट* दी जा रही है, जिसका लाभ 1 सितंबर से 4 सितंबर 2024 तक उठाया जा सकता है। इतना ही नहीं, डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जिसका लाभ 9 सितंबर 2024 तक उठाया जाता है। बिहार और झारखंड के सभी तनिष्क स्टोर्स में यह विशेष तीज शगुन प्रमोशन चलाया जाएगा। हमारे सोने के आभूषणों की शानदार कारीगरी में परंपरा की विरासत और आधुनिक सुरुचि का खूबसूरत मिलाप है। तनिष्क ने आपके लिए हीरों के आभूषणों की शानदर रेन्ज प्रस्तुत की है। हर बजट और हर पसंद के मुताबिक विकल्प इसमें पाए जा सकते हैं। नोज पिन, खूबसूरत अंगूठियां, मनमोहक झुमके, पेन्डेन्ट और बेहद शानदार हीरे जड़ित सेट इसमें शामिल हैं। अपने नजदीकी स्टोर पर जाकर तनिष्क के सोने के आकर्षक आभूषण और स्टडेड कलेक्शन और सोलह श्रृंगार के आभूषण खरीदें। हमारी यह बेहतरीन रेन्ज आप ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं।

### एमेजॉन इंडिया ने भारतीय रेल के साथ एमओयू पर किया हस्ताक्षर

**रांची :** एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एमेजॉन इंडिया) और भारतीय रेल मंत्रालय ने आज एक समझौता ज्ञापन (टङ्गव) पर हस्ताक्षर किए, जो एमेजॉन इंडिया के पैकेजों के विश्वसनीय और तेज परिवहन के लिए भारतीय रेलवे के मजबूत क्षेत्रीय नेटवर्क के माध्यम से मौजूदा साझेदारी को और मजबूत करेगा। इस समझौते के तहत, एमेजॉन इंडिया और भारतीय रेलवे एक हब और स्पोक मॉडल स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे, और इस मॉडल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर इसे पूरे नेटवर्क में विस्तार के लिए आवश्यकताओं को परिभाषित करेंगे। इस योजना में पहले और अंतिम मील की आवश्यकताएं, पारगमन समय, लागत विकल्प, और रेलवे पर पार्सल की मात्रा बढ़ाने के लिए नीति प्रोत्साहन शामिल हैं। एमेजॉन इंडिया रेल परिवहन के माध्यम से पार्सल लॉजिस्टिक्स के लिए तेज और विश्वसनीय वितरण नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकताओं पर सिफारिशें भी प्रदान करेगा। इस विकास का उद्देश्य ई–कॉमर्स क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक सुसंगत परिचालन समयरेखा सुनिश्चित करना है। 'भारतीय रेल के साथ हमारा सहयोग सरकार की उस दृष्टि के अनुरूप है, जिसमें इस प्रतिष्ठित संस्था का उपयोग भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए किया जा रहा है। यह हमारे ग्राहकों को भारत भर में अद्वितीय चयन तक पहुंच प्रदान करने और तेज और विश्वसनीय डिलीवरी देने पर हमारे फोकस को भी दर्शाता है। 2019 से, हमने एक अभिनव लॉजिस्टिक्स मॉडल बनाने के लिए सहयोग किया है जो एमेजॉन की ई–कॉमर्स विशेषज्ञता को भारतीय रेल के विशाल और विश्वसनीय नेटवर्क के साथ जोड़ता है। यह पूरे देश में करोड़ों उत्पादों की तेज डिलीवरी को सक्षम करता है। आगे बढ़ते हुए, हम अपने ग्राहकों की बेहतर सेवा के लिए भारतीय रेलवे के साथ और अधिक नवाचार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' – अभिनव सिंह, वाइस प्रेजिडेंट, ऑपरेशंस, अमेजन इंडिया ने कहा।मैं एमेजॉन को भारतीय रेलवे के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के लिए सराहना करता हूँ। यह सहयोग और साझेदारी रेलवे को ई–कॉमर्स व्यवसायों की आवश्यकताओं को समझने और तदनुसार परिवहन सेवाओं की योजना बनाने में मदद करेगी। यह समझौता ज्ञापन ई–कॉमर्स कार्गो की आवाजाही को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं ई–कॉमर्स क्षेत्र से आग्रह करता हूँ कि वे अपने लॉजिस्टिक्स जरूरतों को सुव्यवस्थित करने के लिए रेल परिवहन की दक्षता और स्थिरता का लाभ उठाएं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और पालघर के दौरे पर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई और पालघर के दौरे पर रहेंगे। वो सुबह 11 बजे मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2024 को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे पालघर के सिडको मैदान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री मोदी के आज के महाराष्ट्र दौरे के कार्यक्रम को एक्स हैंडल पर साझा किया है।
प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र दौरे की पूर्व संध्या पर एक्स हैंडल में लिखा है, "मैं कल (30 अगस्त) महाराष्ट्र के लोगों के बीच रहने के लिए उत्सुक हूं। मैं मुंबई और पालघर में कार्यक्रमों में हिस्सा लूंगा। मुंबई में मैं सुबह करीब 11 बजे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2024 में हिस्सा लूंगा। यह मंच फिनटेक की दुनिया में भारत की प्रगति को प्रदर्शित करता है और क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाता है। इसके बाद मैं वाधवन बंदरगाह परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम के लिए पालघर में रहूंगा। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। यह बंदरगाह आधारित विकास और महाराष्ट्र की प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।"
भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में कहा गया है कि वधावन बंदरगाह परियोजना



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के मुंबई और पालघर में
- संघ की बैठक पर सुनील आंबेकर की पत्रकार वार्ता केरल में

लगभग 76,000 करोड़ रुपये लागत की है। यह परियोजना देश के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगी। यह बंदरगाह देश की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा। वाधवन बंदरगाह दहानू शहर के पास है। इसके साथ प्रधानमंत्री मोदी लगभग 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। राष्ट्रीय पोत संचार और समर्थन प्रणाली के तहत, 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीनीकृत और मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर एक लाख ट्रांसपांडर स्थापित किए जाएंगे। पीआईबी के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। फेस्ट का आयोजन भारतीय भुगतान परिषद, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और फिनटेक कन्वर्जेंस परिषद संयुक्त रूप से कर रहे हैं। भारत और विभिन्न देशों के नीति निमार्ताओं, नियामकों, वरिष्ठ बैंकरों, उद्योग जगत के दिग्गजों और शिक्षाविदों सहित लगभग 800 वक्ता सम्मेलन में 350 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे। यह फिनटेक परिदृश्य के नवीनतम नवाचारों को भी प्रदर्शित करेगा।

## संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ में 31 अगस्त से शुरू होगी। अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित विविध संगठनों में कार्यरत संगठन के पदाधिकारी सहभागी होंगे। इस आयोजन की रूपरेखा और अन्य जानकारी को साझा करने को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर आज पलक्कड़ के अहल्या कैंपस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। देशभर के मीडिया को इससे जुड़ने का अवसर देते हुए वार्ता का यू–ट्यूब लिंक साझा किया गया है। यह पत्रकारवार्ता दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू होगी।

## बीजापुर में 24 लाख का इनामी नक्सल कमांडर गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की बीजापुर पुलिस ने 24 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर विकास उर्फ सैनू मुंशी जेट्टी पिड़ीमाला को इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से बीमार हालत में गिरफ्तार किया है । उस पर छत्तीसगढ़ में 8 लाख और महाराष्ट्र में 16 लाख रुपये का इनाम है। दक्षिण गढ़चिरोली डिवीजन के अहेरी दलम के डिविनजल कमेटी सदस्य के रूप में सक्रिय विकास छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व तेलंगाना में 35 से अधिक व नक्सल घटनाओं का आरोपित है । बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव की गुरुवार देरशाम दी गई दी गई सूचना में कहा गया है कि नक्सली कमांडर विकास वर्तमान में महाराष्ट्र के गढ़चिरोली अहेरी दलम में डीवीसीएम था। लंबे समय से



उसकी तलाश थी। उसने छत्तीसगढ़ के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र को अपना बेस कैंप बना रखा था और वहीं से वह नक्सल घटनाओं की रणनीति तैयार करता था। यादव ने बताया कि यह सूचना मिली थी कि नक्सल कमांडर विकास की नेशनल पार्क क्षेत्र में उपस्थिति है। यहां वह नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीवीसीएम दिलीप बेंड़जा के संपर्क में था। जंगल में विकास का स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद बेंड़जा ने उसे पैसा व सहयोगी देकर जगदलपुर उपचार के लिए भेजने का इंतजाम किया था।अन्य नक्सली उसे जंगल के रास्ते भटपल्ली ला रहे थे। वहां से उसे चार पहिया वाहन से जगदलपुर में किसी निजी अस्पताल में भेजने की तैयारी थी। इस सूचना पर थाना फरसेगढ़ व छसबल 13/ई वाहिनी की एक संयुक्त टीम को भटपल्ली के जंगल में सर्चिंग अभियान पर भेजा गया था। टीम को नाला के पास एक पगडंडी रास्ते में कुछ व्यक्ति दिखाई दिए। टीम के आवाज लगाते ही वह बीमार व्यक्ति को छोड़कर भाग गये। उसके पास से 80 हजार रुपये नकद, नक्सली वर्दी, नक्सली साहित्य, पंफलेट, नोटबुक व दवाइयां मिली है। गंभीर स्थिति में नक्सली का उपचार कराया गया। उसकी पहचान नक्सली नेता विकास के रूप में हुई है।

## पाकिस्तान ने पीएम मोदी को एससीओ बैठक के लिए किया आमंत्रित

**इस्लामाबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अक्टूबर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। बता दें कि भारत के साथ-साथ चीन और पाकिस्तान भी शंघाई सहयोग संगठन के पूर्ण सदस्य हैं। वहीं एससीओ के अन्य सदस्य देशों में रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाखस्तान शामिल हैं। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 15-16 अक्टूबर को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए देशों के प्रमुखों को निमंत्रण भेजा गया है। इसमें एक निमंत्रण भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी भेजा गया है।

## दावा : बांग्लादेश में विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई 1,000 से ज्यादा लोगों की मौत

एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में शेख हसीना नीत पूर्ववर्ती सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान 1,000 से अधिक लोग मारे गए, वहीं 400 से अधिक लोगों की पुलिस की गोली लगने से एक या दोनों आंख की रोशनी चली गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की एक शीर्ष सलाहकार ने गुरुवार को यह बात कही।
स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने राजधानी के राजारबाग इलाके में सेंट्रल पुलिस अस्पताल के भ्रमण के दौरान यह खुलासा किया जहां उन्होंने संघर्ष के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों से बात की। 'बीडीन्यूज 24 . कॉम' समाचार पोर्टल ने नूरजहां के हवाले से कहा, ''अभी तक 1,000 लोग मारे जा चुके हैं और 400 से अधिक छात्र और आम लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। इनमें कई की एक आंख की



रोशनी तो अन्य की दोनों आंख की रोशनी चली गई। ''नौकरियों में आरक्षण की विवादास्पद प्रणाली को लेकर जुलाई में देश में शुरू हुए प्रदर्शन हिंसक हो गए थे। देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस के साथ झड़प में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मारे गए और घायल हो गए। शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन के बाद पांच अगस्त को इस्तीफा देकर भारत चली गई थीं। उनकी जगह एक अंतरिम सरकार ने कामकाज संभाला और 84 वर्षीय मुहम्मद यूनुस को सरकार का मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया जो प्रधानमंत्री के समकक्ष हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने की घोषणा, गाजा में पोलियो टीकाकरण के लिए तीन दिन बंद रहेगी लड़ाई

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गुरुवार को घोषणा की कि गाजा में बच्चों के पोलियो टीकाकरण के लिए तीन दिन युद्ध पर रोक लगेगी। डब्ल्यूएचओ की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि लाखों बच्चों को पोलियो टीकाकरण के लिए लड़ाई में सीमित विराम दिया जाएगा। यह घोषणा फलस्तीनी क्षेत्र में 25 वर्षों में पहली बार एक बच्चे में पोलियो के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद की गई है। फलस्तीनी क्षेत्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि रिक पीपरकॉर्न ने कहा कि युद्धग्रस्त क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तीन दिन तक की विराम अवधि के दौरान टीकाकरण



अभियान रविवार को मध्य गाजा में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद दक्षिणी गाजा में तीन दिन और फिर उत्तरी गाजा में तीन दिन का विराम होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि टीकाकरण पूरा करने के लिए उन्हें अतिरिक्त दिनों की आवश्यकता हो सकती है। पीपरकॉर्न का कहना है कि उनका लक्ष्य 10 वर्ष से कम आयु के 6,40,000 बच्चों का टीकाकरण करना है।

## आईएटीओ का 39वां राष्ट्रीय सम्मेलन आज से भोपाल में, मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

- **देशभर के 1200 से अधिक टूर ऑपरेटर्स, होटलियर होंगे शामिल**

एजेंसी

**भोपाल :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) का 39वां तीन राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। होटल ताज लेकफ्रंट में एक सितम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुभारंभ करेंगे। रिसर्जेंट इंडिया इनबाउंड थीम पर हो रहे सम्मेलन में देश भर के 1200 से ज्यादा टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, होटेलियर सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। मप्र पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने जानकारी देते हुए बताया कि शुभारंभ समारोह में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मप्र के पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा इस सम्मेलन के माध्यम से मध्यप्रदेश को क्लीन, ग्रीन और सेफ डेस्टिनेशन के रूप में प्रचारित किया जाएगा।

### इनबाउंड टूरिज्म बढ़ाने पर होगी चर्चा



टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक विदिशा मुखर्जी ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन 30 अगस्त को शुभारंभ के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होगी। दूसरे दिन 31 अगस्त को बिजनेस सेशन होंगे। रिसर्जेंट इंडिया इनबाउंड–चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच भारत को पुनः स्थापित करने की रणनीति विषय पर ज्ञान भूषण, आई.ई.एस.– केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार (आईईएस) ज्ञान भूषण, मप्र पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव(आईएएस) शिव शेखर शुक्ला, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक मुकेश कुमार मेश्राम, बिहार सरकार के पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह, जम्मू–कश्मीर सरकार की पर्यटन सचिव यशा मुदगल, महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन संचालक डॉ. बी.एन. पाटिल, एबरक्रॉम्बी एंड केंट के प्रबंध निदेशक विक्रम मधोक सहभागिता करेंगे।

**मध्यप्रदेश पर होगा विशेष सत्र**


दूसरा सत्र मध्यप्रदेश पर होगा, जिसमें टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी प्रदेश की पर्यटन विशेषताओं एवं संभावनाओं की जानकारी देंगी।

## बारिश-बाढ़ की मार झेल रहा गुजरात

# सौराष्ट्र-कच्छ पर चक्रवात का साया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मूसलाधार बारिश और बाढ़ की विभीषिका से घिरे गुजरात पर अब चक्रवात का साया मंडरा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा सूचना में कहा गया है कि सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र पर एक चक्रवात बन रहा है। इस बीच भारी बारिश ने गुजरात के लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। वडोदरा समेत कई शहरों में तो बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। इतना ही नहीं मगरमच्छ नदियों से बहकर घरों की छतों पर पहुंच गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के राष्ट्रीय बुलेटिन में कहा गया है कि सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र पर बन रहे चक्रवात के आज अरब सागर के ऊपर उभरने और ओमान तट की ओर बढ़ने की उम्मीद है। यही नहीं, इसके आज चक्रवाती



तूफान में तब्दील होने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया है कि 1976 के बाद अगस्त में अरब सागर के ऊपर उठने वाला यह पहला चक्रवाती तूफान होगा। 1976 में चक्रवात ओडिशा के ऊपर विकसित हुआ। पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा। अरब सागर में उभरा। एक लूपिंग ट्रैक बनाया और ओमान तट के पास उत्तर-पश्चिम अरब सागर पर कमजोर हो गया। साथ ही अगस्त के महीने में अरब सागर के ऊपर चक्रवाती तूफान का विकसित होना एक दुर्लभ गतिविधि है। 1944 का चक्रवात भी अरब सागर में उभरने के बाद तीव्र हो गया और बाद में समुद्र के मध्य में कमजोर हो गया। पिछले 132 वर्षों के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगस्त के महीने में कुल 28 ऐसे सिस्टम बने हैं। एक मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि मौजूदा तूफान के बारे में असामान्य बात यह है कि पिछले कुछ दिनों से इसकी तीव्रता समान बनी हुई है। उष्णकटिबंधीय तूफान दो प्रतिचक्रवातों के बीच स्थित है। एक तिब्बती पठार के ऊपर और दूसरा अरब प्रायद्वीप के ऊपर। सौराष्ट्र और कच्छ पर बने गहरे दबाव के कारण इस क्षेत्र में भारी वर्षा हुई है। विभाग के अनुसार, इस साल पहली जून से 29 अगस्त के बीच सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों में 799 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस अवधि में सामान्य 430.6 मिलीमीटर बारिश होती है। इस अवधि में सामान्य से 86 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। बुलेटिन में कहा गया है कि चक्रवात पिछले छह घंटों के दौरान तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति के साथ पश्चिम की ओर और केंद्रित है।

### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जाना हाल

## राहत और बचाव कार्य में तेजी का निर्देश



**अहमदाबाद :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मूसलाधार बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित द्वारका, जामनगर और वडोदरा का हवाई हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने कल दोपहर से शाम तक चप्पा-चप्पा देखा। इसके बाद राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। इस बीच वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी फिर उफान पर है। मुख्यमंत्री प्रभावित लोगों के लिए स्थापित किए आश्रय स्थलों पर की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने द्वारका, जामनगर और वडोदरा के प्रभावितों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि वडोदरा के बाढ़ प्रभावितों सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। बाढ़ घटते ही बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, बिजली और सड़क कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। द्वारका, जामनगर और वडोदरा में नगर पालिका की टीमों ने साफ- सफाई शुरू कर दी है।स्वास्थ्य विभाग की 10 टीमें वडोदरा जिले में तैनात की गई हैं। इन टीमों में 1400 कर्मचारी हैं। प्रभावित परिवारों की आर्थिक व अन्य सहायता में मदद के लिए 90 टीमों को तैनात किया गया है। कृषि फसल क्षति सर्वेक्षण के लिए 52 टीमें काम कर रही हैं। वडोदरा शहर और जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों को अब तक 2.74 लाख भोजन के पैकेट और 1.07 लाख पानी की बोतलें वितरित की जा चुकी हैं।सेना की तीन टुकड़ियों को भेजा गया है। उन्होंने खंभालिया के प्रभावित रामनगर और कंनझार चेक पोस्ट क्षेत्रों का दौरा किया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मुख्य सचिव राजकुमार की उपस्थिति में द्वारका और जामनगर कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक की।

# एनकॉर्ड की बैठक में जिले में नशे के कारोबार को रोकने पर बनी रणनीति

मेट्रो रेज

**सिमडेगा :** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक हुई। जिसमें जिले में नशे के कारोबार को रोकने पर रणनीति बनाई गई। इस दौरान जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने एवं वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है उसपर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि के नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार वैसे सभी सार्वजनिक स्थलों अन्य स्थलों पर निगरानी, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभी स्कूल पास या 200 मीटर की दूरी पर नशे से संबंधित मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने के साथ- साथ आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।





## टुकुपानी के कसडेगा गांव के ग्रामीणों ने भारी संख्या में थामा झामुमो का दामन

**टुकुपानी:** कसड़ेगा गांव में झामुमो जिला समिति द्वारा ग्रामीणों की एक बैठक रखी गयी। इस बैठक में जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि आज हम सभी झारखंड वासियों के सर्वांगीण विकास के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित में विभिन्न योजनाएं चलाई गयी है। जिसका लाभ लेने के लिए आप सभी को आगे आना होगा।

झामुमो जिला सचिव मो सफीक खान ने कहा आप सभों को योजनाओं का लाभ दिलाने में झामुमो जिला समिति हमेशा आपकी मदद करेगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों का पार्टी में अभिनन्दन किया। मौके पर कसड़ेगा पंचायत के भाई -बहनों ने झामुमो के नीति -सिद्धांत और मुख्यमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर भारी संख्या में झामुमो का दामन थामा ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलना, जिला सचिव मो सफीक खान,जिला कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा,जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, प्रखण्ड बीस -सूत्री सदस्य बांसजोर रितेश बड़ाइक के अलावा भारी संख्या में कसडेगा पंचायत के भाई - बहन उपस्थिति थे।

## बारिश से किसान प्रदीप साहू का घर हुआ ध्वस्त



**बानो:** प्रखंड क्षेत्र के सोय पंचायत ओड़िया टॉली ग्राम वार्ड नंबर 07 निवासी प्रदीप साहू पिता भद्र साहू का घर लगातार हो रही बारिश से ध्वस्त हो गया। पीड़ित किसान प्रदीप साहू ने ग्राम पंचायत सदस्य वार्ड मोहन नाग को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश से मेरा घर ध्वस्त हो गया। जिससे अब हमारे परिवार को काफी परेशानी हो रही है,पीड़ित किसान ने प्रखंड प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए मुआवजे की मांग की है,वार्ड सदस्य मोहन नाग ने पीड़ित किसान को प्रखंड प्रशासन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## लगातार हो रही भारी बारिश से मिट्टी का कटाव, ढही सड़क



**बानो:** सोय पंचायत के सेमरटोली वार्ड नंबर 07 सेमरटोली से छोटकेतुंगा बस्ती जाने वाली कच्ची सड़क पर लगातार हो रही बारिश से मिट्टी का कटाव हुआ । जिससे सड़क ढह गई है। इससे ग्रामीणों और पशुओं को आने जाने में असुविधा हो रही है। ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रखंड प्रशासन से सड़क की मरम्मत करने की गुहार लगा रहे हैं।

## बछवारस व गोवत्स द्वादशी धूमधाम से संपन्न

**रांची:** बछवारस का त्योहार आज मारवाड़ी समाज ने उल्लासपूर्वक मनाया । रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिलाओं द्वारा सुबह गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद घरों में एक लकड़ी के पाटे मे सामूहिक रूप से मिट्टी से बनी बछवारस को सजाकर उसमें कच्चा दूध, दही, कुमकुम, मौली, अक्षत, मोठ, दक्षिणा, प्रसाद एवं पूजा की सभी सामग्री चढ़ाकर पूजा अर्चना की, एवं बछवारस की कहानी सुनी। माताएं अपने पुत्रों को तिलक लगाकर तलाई फोड़ने के बाद प्रसाद दी। पुत्रवान महिलाओं अपनी संतान की मंगल कामना के लिए व्रत रखा। आज के दिन घरो बाजरे की रोटी बनाई गई एवं भैंस के दूध एवं दही का उपयोग किया गया। गेहूं से बने पकवान एवं कटी हुई सब्जी नहीं खायी जाती हैं। उन्होंने बताया कि बछवारस त्योहार जन्माष्टमी के चार दिन बाद भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व को गोवत्स द्वादशी भी कहते हैं। भगवान कृष्ण के गायों और बछड़ों से बड़ा प्रेम था इसलिए इस त्योहार को मनाया जाता है।

## एक सितंबर को श्रीकृष्ण की छठी मनायेगा यादव समाज

**रांची:** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक रातु रोड स्थित किशोरी यादव चौक के समीप श्रीकृष्ण विकास परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान सदस्यों को बताया गया कि एक सिंतबर को दिन रविवार को समय 10 बजे से स्थान जगन्नाथपुर मंदिर प्रांगण के समीप श्रीकृष्ण छठी महोत्सव कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाएगा । चर्चा के दौरान श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखण्ड के मुख्य संरक्षक एवं राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दौरान सार्वजनिक रूप से छठी महोत्सव कार्यक्रम श्रीकृष्ण विकास परिषद के बैनर तले प्रथम बार महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी मंदिर प्रांगण के समीप किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अत्यंत दर्शनीय होगा, भगवान श्रीकृष्ण को उनके मन पसंद भोजन फल-मूल, मक्खन-मिष्ठान एवं पकवान 56 भोग परोसकर उन्हें श्रद्धा भाव से अर्पित किया जाएगा ।

## शांति,एकता और विकास में शिक्षा व खेल महत्वपूर्णः नमन बिक्सल कोंगाड़ी

### शहीद वीर थोमस पैत्रिक सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी हुए उपस्थित

**कोलेबिरा** विधनसभा क्षेत्र अंतर्गत तुरबुंगा पारीस के संत अर्नोल्ड उच्च विद्यालय में कैथोलिक कलिसिया अन्तर्गत कारगिल सहिद वीर थोमस पैत्रिक सोरेंग अन्तरजिला उच्च विद्यालय अस्तरीय फुटबाल टुरनामेन्ट का आयोजन किया गया है इसमे उदघाटन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी को आमंत्रित किया गया था। खेल का सुरूआत बड़ी धूमधाम संस्कृति नाच गान के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत कर एवं खिलाड़ियों द्वारा अनुशासन में रह कर खेल को खेलने का शपथ खा कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने अपने संदेश में कहा कि ईसाई मिश्नरी संस्थाएं बड़ी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश सेवा को ले कर शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दे रहे हैं।



शिक्षा एवं खेल का महत्व देश में शांति एकता और उन्नति के लिए कितना महत्वपूर्ण है हरकोइ जानते हैं किस तरह विविधताओं से भरे देश को एकसूत्र में बांधकर शांति और उन्नति के शिखर तक पहुचा है। लेकिन कुछ लोग अपना राजनीतिक स्वार्थ के कारण देश में नफरत फैला कर अराजकता की स्थिति ला कर शांति और एकता को खत्म कर देश की एकता और अखंडता को कमजोर करना चाहते हैं । ऐसे खेल का महत्व हमारे देश गांव एवं परिवार में बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। खेल सिर्फ मनोरंजन, स्वास्थ्य और रोजगार पाने का सिर्फ माध्यम नहीं है बल्कि खेल का महत्व बहुत ब्यापक है। खेल हमें अनुशासन में रहना सिखाती है जैसे खेल टीम आयोजन समिति के अनुशासन में रह कर खेलते हैं। खेलने वाले दोनों टीम रेफरी के अनुशासन में रह कर खेलते हैं और टीम कप्तान के अनुशासन में रह कर खेलते हैं। खेल का महत्व लोगों को एक दूसरे पर और भरोसा के साथ आपसी तालमेल बना कर रहने की भावना को बढ़ा कर मजबूत करता है। खेल परे क्षेत्र को एकसूत्र में भावनात्मक रूप से बांध कर रखने की भी भावना को मजबूत करता है यही वजह है कि कोई भी देश का बजट अरबों रुपये का होता है। चूँकि इन्हीं कारणों से कोई भी परिवार,क्षेत्र और देश शांति और एकता के साथ उन्नति के शिखर तक पहुंचता है। इस खेल आयोजन में तुरबुंगा पारीस के पारीस प्रिस्ट, संत अर्नोल्ड उच्च विद्यालय तुरबुंगा के पुरा स्कूल परिवार, जिला के कैथोलिक कलिसिया के सभी उच्च विद्यालय और तुरबुंगा के समस्त आम जनों के सहयोग से शुरू हुआ।

## झापा ही सुधार सकती है गांव की दिशा और दशाः एनोस



**सिमडेगा :** गांव की दशा और दिशा को सिर्फ झारखंड पार्टी ही सुधार सकती है। जाति, धर्म, भाषा, वेशभूषा के बंधन से उपर उठ कर राष्ट्रीय पार्टी को सबक सिखाना है। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का पाकरटांड़ प्रखंड के सुरूरवर्ती और दुरूह गांव गोंदलीपानी में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने कहा कि धर्म के नाम पर वोट मांगने वाले नेताओं को विकास से कोई मतलब नहीं है। वर्तमान समय में जिले के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। कहीं बिजली नहीं है,कहीं पानी नहीं है, कहीं डॉक्टर नहीं है तो कहीं शिक्षक नहीं है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में बसे गोंदलीपानी गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होने कहा कि दुर्भाग्य है कि 75 साल सत्ता में रहने वाली कांग्रेस और भाजपा दोनों ने गांव के विकास के लिए कुछ नहीं किया। गांव तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाता है, स्कूल की स्तिथि अच्छी नहीं है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक बार झापा को समर्थन देने की अपील की। इधर झापा नेता एनोस एक्का ने पाकरटांड़ प्रखंड के अन्य गांवों का भ्रमण कर लोगों की समस्या सुनी और सभी परेशानियों को दूर करने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने भी एक स्वर में एनोस एक्का के द्वारा किए गए कार्यों पर विश्वाश जताते हुए समर्थन देने का वायदा किया।

## सीआरपीएफ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन









बिनय मिश्रा

**चक्रधरपुरः** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल व झारखण्ड सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह के दिशा- निर्देश में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के समूह केंद्रो सेंबो रांची के कंपोजिट अस्पताल में श्री अतुल जेराल सदर अस्पताल रांची के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ लोरेंस बांडो, पुलिस उपमहानिरीक्षक मेडिकल, डीएन लाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ सतेन्द्र कुमार, कमाण्डेंट एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा जवान मौजूद रहे । सभी ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कुल 33 जवानों ने रक्तदान किया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस पर भारत देश के आंतरिक सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर और तैयार रहती है । इन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के अलावा जीवनदान के रूप में भी सराहनीय कार्य किया है जब जहां समय-समय पर आवश्यकता पड़ी है इन्होंने अपने रक्तदान के द्वारा कई लोगों की जान बचाई है यहां तक की मुठभेड़ में घायल हुए नक्सलियों को जब रक्त की आवश्यकता होती है तो बल के जवानों ने अपने शरीर से रक्तदान कर उसका भी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई है। इसी प्रकार आज भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो भविष्य में किसी की जान बचाने के लिए उपयोग में लाया जायेगा।